■ डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

# भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, शुक्रवार, 28 अगस्त 2026
वर्ष-14, अंक-64 पृष्ठ -8 व मूल्य: रु. 1.00
व वितरण व्यय : रु. 1.00

वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित




4 चीनी कम तो त्योहारों का क्या!

www.betsamachar.com

सोनल का दूसरी पारी में भी शतक 5

# नेपाल में मंडराया नया खतरा

## अब तक 359 शव बरामद, 288 भारतीयों समेत 1500 लापता

**प्राकृतिक आपदा**

✡ **सरकार बोली- भोटेकोशी नदी में फिर बाढ़ की आशंका**

**काठमांडो/ जीएनएस न्यूज**

नेपाल में भीषण बाढ़ से मची तबाही के बीच एक और बड़े खतरे की चेतावनी सामने आई है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, नेपाल में छोछेन

**एक और झील टूटने का खतरा; चीन ने दी चेतावनी, कहा- अगले 72 घंटे अहम**

खोला और पुरेपू त्सांगपो नदियों के संगम के पास करीब 20 लाख घन मीटर पानी वाली एक बड़ी झील बन गई है। झील पहले ही छलकने लगी है और अगले तीन दिनों में इसमें करीब 30 लाख घन मीटर और पानी आने का अनुमान है।

चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने झील के प्राकृतिक बांध के टूटने की आशंका को गंभीर बताया है। चेतावनी के अनुसार अगले 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं। पानी लगातार बढ़ने से प्राकृतिक बांध पर दबाव बढ़ सकता है। अगर यह बांध टूटता है तो जमा पानी अचानक नीचे की ओर बह सकता है और पहले से बाढ़ की मार झेल रहे इलाकों में स्थिति (शेष पृष्ठ 6 पर)



### भारत ने नेपाल भेजी 47 टन राहत सामग्री

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल को इस मुश्किल समय में मदद के लिए भारत ने दो विमान भेजे हैं। जिनमें से एक सी-130 जे विमान 10 टन राहत सामग्री लेकर बुधवार को नेपाल हुआ था। इनमें अस्थायी शेल्टर, दवाईयां आदि लेकर गया है। आज भी एक सी-17 विमान 37 टन राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हुआ है। इनमें से आठ टन दवाईयां हैं और एक टन खाद्य पदार्थ हैं। इस तरह दो दिनों में नेपाल को 47 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि जो भी राहत सामग्री भेजी गई है, वह नेपाल की मांग के आधार पर ही भेजी गई है।

### नेपाल से बहकर आ रहे सामान लूटने की बिहार में होड़

नेपाल में आई जल त्रासदी के बाद बिहार में गंडक नदी के किनारे रहने वाले लोग आपदा में भी अवसर तलाशने लगे हैं। तटीय इलाकों के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती गंडक नदी में उतर रहे हैं। दरअसल, नेपाल में अचानक आई बाढ़ से गंडक में भारी मात्रा में लकड़ियां, गैस सिलेंडर और अन्य घरेलू सामान बहकर आ रहे हैं। पश्चिम चंपारण जिले में नदी से ये सामान निकालने की होड़ सी मची हुई है। लोग अपनी जान की बाजी लगाकर नदी में कूद रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा लकड़ियां एवं अन्य सामान बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को नदी में नहीं उतरने की हिदायत दी जा रही है। पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर, बगहा और मधुबनी समेत अन्य क्षेत्रों में गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग गंडक नदी में उतरते हुए नजर आए। स्थानीय लोगों के अनुसार, नेपाल की ओर से बहकर आई लकड़ियों के साथ गैस सिलेंडर और घरेलू उपयोग के अन्य उपकरण भी नदी में दिखाई दे रहे हैं। दावा है कि विभिन्न घाटों से अब तक 100 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर मिल चुके हैं।

### काठमांडू-बीजिंग राजदूतों के साथ विदेश मंत्री ने की बैठक

नेपाल के तीन जिलों में भोटेकोसी नदी में अचानक आई बाढ़ से मची तबाही को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विशेष समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विदेश मंत्रालय की टीम और काठमांडू तथा बीजिंग में भारत के राजदूत मौजूद रहे। इस दौरान राहत और बचाव कार्यों के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद लोगों की सुरक्षा पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया, इस संबंध में विदेश मंत्रालय विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, टूर ऑपरेटरों

# परिसीमन बिल पर विशेष सत्र की आहट

## खरगे की पीएम मोदी को चिट्ठी-लोस की 543 सीटों की संख्या 25 वर्षों के लिए फ्रीज की जाए

**सियासत**

✡ **कहा-महिलाओं के लिए 33% आरक्षण 2029 से लागू करें**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के द्वारा एक टीवी इंटरव्यू के दौरान परिसीमन बिल को लेकर दिए गए बयान ने देश की राजनीति को गरमा दिया है। उनके बयान को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही उन्होंने एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की भी मांग की है। अपनी चिट्ठी में खरगे ने मांग की है कि लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या और राज्यों के आधार पर सीटों के आवंटन को अगले 25 वर्षों के लिए फ्रीज कर दिया जाए।

इसके अलावा मल्लिकार्जुन खरगे ने 2029 के अगले लोकसभा चुनावों से ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत प्रभाव से लागू करने की मांग की है। पीएम मोदी के नाम लिखी इस चिट्ठी में खरगे ने कहा है कि सरकार परिसीमन को लेकर जो भी प्रस्ताव तैयार कर रही है उस पर चर्चा के लिए सभी राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे का कहना है कि प्रस्तावित मसौदे को संसद में लाने से पहले सभी विपक्षी दलों को उसका अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

खरगे ने अपने पत्र में 16 जुलाई 2026 को लिखे गए अपने पिछले पत्र का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए एक टीवी इंटरव्यू के बाद यह साफ होता जा रहा है कि सरकार परिसीमन से जुड़ा नया विधेयक लाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। खरगे के अनुसार, शायद यही कारण है कि संसद के मॉनसून सत्र का सत्रावसान करने में लगातार देरी की जा रही है।

आपको बता दें कि 17 अप्रैल 2026 को बजट सत्र के दौरान मोदी सरकार द्वारा लाया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में अपेक्षित दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका था। 528 सांसदों में से 298 ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके खिलाफ मतदान किया था, जिससे यह विधेयक गिर गया था। हालांकि, पहले (शेष पृष्ठ 6 पर)

# न्यूयॉर्क में मोहन भागवत का कार्यक्रम रद्द करने की कोशिश

**अलर्ट**

✡ **हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन का आरोप, कहा- सतर्क रहें**

**न्यूयॉर्क/ जीएनएस न्यूज**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम से पहले हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। फाउंडेशन ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों से सतर्क रहने, आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी तरह के टकराव से बचने की अपील की है।



दरअसल, भागवत के कार्यक्रम का न्?यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी समेत कुछ संगठनों ने विरोध किया है। फाउंडेशन ने कहा, कुछ लोग कार्यक्रम को रद्द कराना चाहते हैं। इसके बाद फाउंडेशन ने मेयर ममदानी से कार्यक्रम की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। फाउंडेशन ने आरोप लगाया कि हिंदू-अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले कुछ एक्टिविस्ट कार्यक्रम को बाधित करने और (शेष पृष्ठ 6 पर)

**रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई**

रक्षाबंधन के अवसर पर सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं -सम्पादक

**सूचना**

रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को भारत एकता टाइम्स कार्यालय में अवकाश रहेगा। -सम्पादक

## मंत्रालयों की लेटलतीफी से 3.41 लाख करोड़ बढ़ी लागत

# गडकरी और अश्विनी वैष्णव फिसड्डी

**रिपोर्ट कार्ड**

✡ **देरी में सड़क और रेल मंत्रालय सबसे आगे**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 30000 करोड़ की नौ परियोजनाओं की समीक्षा की और कहा कि परियोजनाओं के समय से पूरा न होने का नुकसान आर्थिक से इतर भी है। उन्होंने गुणवत्ता से समझौता किए बिना समय पर निर्माण पूरा करने की जरूरत बताई। लेकिन, ये दोनों ही बातें लंबे समय से अमल में नहीं आ पा रही हैं। परियोजनाओं में देरी का हाल 2024 में भी बीच के उतार-चढ़ाव के साथ 2004 के लेवल पर ही था। सबसे ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भी देश में चल रहे 1775



इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की लागत बीते वर्षों में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। इनकी मूल (शेष पृष्ठ 6 पर)

### रेलवे के विलंबित प्रोजेक्ट्स 56 से बढ़कर 98

जुलाई 2023 की रिपोर्ट पर भी नजर डालें तो यही समस्या थी। उस रिपोर्ट के मुताबिक समय से पूरा नहीं होने वाले रेलवे के प्रोजेक्ट्स की संख्या एक साल में 56 से 98 हो गई थी। प्रोजेक्ट्स पूरा होने में देरी के मामले में रेलवे दूसरे और सड़क परिवहन मंत्रालय पहले नंबर पर तब भी बने हुए थे। तब जिन 1646 प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट दी गई थी, उनमें से 809 देरी से चल रहे थे। कुल प्रोजेक्ट्स में से 148 रेलवे के थे, जिनमें से 98 के पूरा होने की समय सीमा खत्म हो चुकी थी। उनमें से कई प्रोजेक्ट्स अभी भी अधूरे हैं।

### बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की लागत हो गयी डबल

मोदी सरकार का कहना है कि उसने रेलवे का बजट 2026-27 में 2.78 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2014-15 में महज 32000 करोड़ रुपये ही था। मतलब 12 साल में रेलवे का बजट 2.46 लाख करोड़ बढ़ गया, लेकिन बजट का बड़ा हिस्सा देरी के चलते पुराने प्रोजेक्ट की बढ़ी लागत की भरपाई करने में चला जाएगा। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की लागत 1.1 लाख करोड़ बढ़ कर 2.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है।

# ओलंपिक खेलों में भागीदारी बढ़ानी होगी, अभी से तैयारी

**नसीहत**

✡ **पीएम मोदी बोले-युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा प्लेग्राउंड चाहिए**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

पीएम मोदी ने गुरुवार को 1,500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही। ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ानी होगी। 2036 ओलंपिक के लिए अभी से खिलाड़ी तैयार करें। कहा- 15 अगस्त को देश के सामने स्पोर्ट्स विजन रखा। यह सिर्फ मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित भारत और देश की खेल शक्ति बढ़ाने का अभियान है।



पीएम ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं- जो खेले, वो खिले। आज युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर और प्लेग्राउंड चाहिए। कहा- देश के हर जिले में खेल प्रतिभाएं हैं। ओलिंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही है, जबकि दूसरे देश मेडल जीत रहे हैं। भारत को नए खेलों में भी (शेष पृष्ठ 6 पर)

# कानपुर में विमान हादसा, ट्रेनी पायलट और इंस्ट्रक्टर की मौत

**दुर्घटना**

✡ **टेक-ऑफ के 20 मिनट बाद ही गिरा विमान**

**कानपुर/ जीएनएस न्यूज**

कानपुर के कटरी क्षेत्र के नत्थूपुरवा इलाके में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा पेश आया, जिसमें गर्ग एविएशन सेंटर का एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट अचानक क्रैश हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में विमान में सवार इंस्ट्रक्टर और ट्रेनी पायलट दोनों की मौत हो गई है। गर्ग एविएशन सेंटर के विमान के साथ दो माह के भीतर यह दूसरी बार इस तरह का हादसा हुआ है, जिससे उड्डयन सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर रघुबीर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालटोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गर्ग एविएशन ट्रेनिंग सेंटर से इस चार सीटर डुअल इंजन ने सुबह करीब 11:30 बजे उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के महज 20 मिनट बाद यानी करीब 11:50 बजे (शेष पृष्ठ 6 पर)

# यूपी में दुनिया की सबसे बड़ी युवा वर्कफोर्स मौजूद-सीएम

**हुंकार**

✡ **बोले- स्टार्टअप में प्रदेश की हिस्सेदारी को दोगुना**

**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया की सबसे प्रतिभाशाली, ऊर्जावान युवा वर्कफोर्स यूपी में है। इन्हें प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना सरकार का काम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी उभरते नवाचार का केंद्र बन रहा है। देश के कुल स्टार्टअप में यूपी की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत है। इसे 20 प्रतिशत तक ले जाना है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में स्टार्टअप नीति के तहत 107 स्टार्टअप्स को 3.42 करोड़ और 9 इनक्यूबेटर्स को



1.79 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2026 पुस्तिका का विमोचन किया तथा स्टार्टअप मिशन पोर्टल का शुभारंभ किया। उपस्थित उद्यमियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के राजदूत, उच्चायुक्त तथा (शेष पृष्ठ 6 पर)

# हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को घर-नौकरी दें

**आदेश**

✡ **परिजनों ने पिछले निर्देश का हवाला दे हुए समय सीमा पर जतायी आशंका**

**प्रयागराज/ जीएनएस न्यूज**

हाथरस में दुष्कर्म की शिकार दलित युवती की मौत के छह साल बाद पीड़ित परिवार को पुनर्वास को लेकर अदालत के निर्देश से उनके जीवन में बदलाव आने की उम्मीद है। हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को तीन माह के भीतर पीड़ित परिवार को नोएडा या गाजियाबाद में एक मकान उपलब्ध कराने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का निर्देश दिया।

हालांकि, प्रदेश सरकार निर्धारित समय



सीमा में अदालत के निर्देशों का अनुपालन करेगी, इसको लेकर परिवार को संदेह बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने नोएडा या गाजियाबाद में एक मकान उपलब्ध कराने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश का यह कहते हुए स्वागत किया है कि परिवार चाहता है कि सरकार किए गए वादों को पूरा करे। पीड़िता के (शेष पृष्ठ 6 पर)

## संक्षेप

### सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूल भी आरटीई के दायरे में-हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सीबीएसई और सीआईएससीई से संबद्ध निजी स्कूल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई)-2009 के प्रावधानों से मुक्त नहीं हैं। किसी विद्यालय का राज्य बोर्ड के बजाय दूसरे बोर्ड से संबद्ध होना उसे आरटीई के तहत लागू दायित्वों से छूट नहीं देता। कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेश के सभी निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश का पिछले पांच शैक्षणिक सत्रों का स्कूलवार ब्योरा पेश करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने भदोही के बफनौटी स्थित सेंट जॉन्स स्कूल की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा- राज्य सरकार को सभी निजी प्राथमिक विद्यालयों की जिलेवार सूची देने के साथ जूनियर बेसिक, जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर छात्र संख्या भी बतानी होगी।

### दोपहिया वाहनों के लिए बदलेगा हेडलाइट का नियम: केवल लो-बीम

**नई दिल्ली।** रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी से होने वाली परेशानी और दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नए प्रस्ताव पेश किए हैं। मसौदा अधिसूचना के अनुसार, भविष्य में नए दोपहिया वाहनों में ऑटोमैटिक हेडलैंप ऑन प्रणाली के सक्रिय होने पर हेडलैंप केवल पासिंग बीम यानी लो-बीम पर काम करेगा। मंत्रालय ने हेडलैंप की अधिकतम रोशनी की तीव्रता को लेकर भी सख्त बदलाव प्रस्तावित किए हैं।

# एमनेस्टी की जांच में युवाओं पर घातक बल प्रयोग की पुष्टि

## यह कठोर कार्रवाई राज्य द्वारा स्वीकृत हिंसा थी, जिसे भीड़ नियंत्रण के नाम पर छिपाया गया

**रिपोर्ट**

✡ **दिल्ली ही नहीं बिहार में भी इस्तेमाल किए गए मारक हथियार**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक डिजिटल जांच रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई का दस्तावेजीकरण किया गया है। यह रिपोर्ट दिल्ली में सीजेपी के नेतृत्व में हुए संसद चलो मार्च और देशभर में उभरे व्यापक जेन जी आंदोलन के करीब एक महीने बाद आई है। यह आंदोलन बाद में इतना व्यापक हुआ कि इसके परिणामस्वरूप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। अपनी जांच प्रकाशित करते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि भारतीय पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैरकानूनी और घातक बल का इस्तेमाल किया। एमनेस्टी इंटरनेशनल की एविडेंस लैब ने वीडियो और तस्वीरों से जुड़े सबूतों (शेष पृष्ठ 6 पर)



### सीआरपीएफ-आरएएफ जवानों री पहचान की

एमनेस्टी की एविडेंस लैब ने 20 जुलाई को दिल्ली में जंतर-मंतर, संसद मार्ग और कनॉट प्लेस के आसपास बनाए गए 17 वीडियो और 24 जुलाई को बिहार के सीवान में बनाए गए दो वीडियो का सत्यापन किया। दिल्ली से जुड़े वीडियो में दिल्ली पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की पहचान की गई। एमनेस्टी ने एक आरएएफ अधिकारी को भीड़ पर शॉटगन चलाते हुए सत्यापित किया। संगठन द्वारा सत्यापित दो अन्य वीडियो में प्रदर्शनकारियों के शरीर पर ऐसे घाव दिखाई दिए, जो छोटे धातु के पैलेट से लगी चोटों जैसे थे। पैलेट से घायल हुए एक प्रदर्शनकारी ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर एमनेस्टी इंटरनेशनल को बताया कि कनॉट प्लेस के पास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी, लेकिन प्रदर्शन का अधिकांश हिस्सा शांतिपूर्ण रहा था।

### बिना किसी चेतावनी के चलाया पैलेट वाली शॉटगन

प्रदर्शनकारी के अनुसार, आरएएफ के जवानों ने शुरूआत में आंसू गैस का इस्तेमाल किया और इसके बाद बिना किसी चेतावनी के पैलेट चलाने वाली शॉटगन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारी ने बताया कि भागने की कोशिश के दौरान उसकी पीठ में पैलेट लगे और उसके शरीर पर लगभग 25 से 30 पैलेट के घाव हुए। बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने भी पुष्टि की कि चोटें पैलेट से लगी थीं। एमनेस्टी ने कहा कि यह भारत के ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा तैयार किए गए, सार्वजनिक विरोध-प्रदर्शनों से बिना जानलेवा तरीकों से निपटने के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (मानक संचालन प्रक्रिया) के खिलाफ था।

### सीवान में घातक राइफल के इस्तेमाल का भी दस्तावेजीकरण

एमनेस्टी ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान आंसू गैस के इस्तेमाल से पुलिस की रणनीति के अनुपात और सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं पैदा हुईं। एमनेस्टी ने कहा कि आंसू गैस का इस्तेमाल केवल ऐसी परिस्थितियों में किया जाना चाहिए, जहां व्यापक और गंभीर हिंसा हो रही हो। संगठन को प्रदर्शनों के दौरान इस स्तर की हिंसा होने का कोई सबूत नहीं मिला। कुछ वीडियो में सादे कपड़े पहने लोग प्रदर्शनकारियों को लाठियों से पीटते हुए दिखाई दिए, जबकि पास खड़े वर्दीधारी पुलिसकर्मी उन्हें रोकने के लिए हस्तक्षेप करते नजर नहीं आए। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 24 जुलाई को बिहार के सीवान में घातक राइफल के इस्तेमाल का भी दस्तावेजीकरण किया है। संगठन ने कहा, राज्य पुलिस का एक अधिकारी प्रदर्शनकारियों पर एके-टाइप असॉल्ट राइफल से गोली चला रहा है। इस तरह के आग्नेयास्त्र लोगों की जान लेने के लिए बनाए जाते और भीड़ के मामले में, इनका इस्तेमाल कानूनी तौर पर तभी किया जा सकता है जब किसी खास व्यक्ति की जान या गंभीर चोट का तुरंत खतरा हो, और वह भी बिल्कुल आखिरी उपाय के तौर पर। एमनेस्टी ने अपनी जांच में कहा कि उसे प्रदर्शन के दौरान जान के लिए खतरा पैदा करने वाली किसी स्थिति का कोई सबूत नहीं मिला।

# पैक्ड फूड पर केंद्र को फटकार

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

**सुनवाई**

✡ **शीर्ष कोर्ट ने कहा-कोई कदम नहीं उठाया तो और निर्देश पर विचार करेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने पैक्ड फूड के पैकेट के सामने चेतावनी वाले लेबल लगाने के मामले में केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि लोगों की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और विकसित देशों में अपनाए जाने वाले फूड-लेबलिंग



स्टैंडर्ड्स को लागू करने में सरकार की हिचकिचाहट पर सवाल उठाए हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर फैसला लेने के लिए दो हफ़्ते का समय दिया है। साथ ही, यह भी साफ कर दिया है कि अगर सरकार खुद कोई कदम नहीं उठाती है, तो कोर्ट आगे और निर्देश जारी करने पर विचार करेगा। भारत में मोटापे को लेकर बढ़ती चिंताओं और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड के तेजी से बढ़ते सेवन के बीच कोर्ट ने दखल दिया है। सुनवाई के दौरान, जस्टिस पारदीवाला ने केंद्र के उस तर्क पर सवाल उठाया कि भारत फूड लेबलिंग के अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन नहीं कर सकता। जज ने पूछा, क्या भारत को एक अविकसित देश ही बने रहना चाहिए? उन्होंने कहा कि इस मामले को केंद्र सरकार के विचार के लिए रखा जा रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि अगर (शेष पृष्ठ 6 पर)

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने एसपी आकाश पटेल को बांधी राखी

**रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर बोले–बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चंदौली पुलिस सदैव तत्पर**

**भारत एकता टाइम्स/ चंदौली**

रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुवार को विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक चंदौली आकाश पटेल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राखी बांधी। छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम, विश्वास, स्नेह और सुरक्षा के प्रतीक रक्षाबंधन की भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने छात्राओं को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई और भविष्य की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में



लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि किसी भी बालिका को यदि किसी प्रकार की समस्या, असुरक्षा या उत्पीड़न का सामना करना पड़े तो वह बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करे। चंदौली पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनकी सुरक्षा एवं सम्मान केवल पुलिस ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए मेहनत करने का संदेश दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं और पुलिस अधीक्षक के बीच हुआ यह आत्मीय संवाद पुलिस और समाज के बीच विश्वास, अपनत्व और संवेदनशील रिश्ते को मजबूत करने वाला रहा। कार्यक्रम ने सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस के मानवीय और संवेदनशील चेहरे को भी सामने रखा। चंदौली पुलिस ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं विश्वास के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# जलजमाव पर डीएम सख्त, इलिया रोड व नरसिंहपुर का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**✡ इलिया रोड पर जाम नाला जेटिंक मशीन से साफ**

**भारत एकता टाइम्स/ चंदौली**



जिले में हुई भारी बारिश के बाद कई स्थानों पर जलजमाव और फसलों के डूबने की सूचना को जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने गंभीरता से लिया। गुरुवार को वह स्वयं विकासखंड सदर के इलिया रोड और ग्राम नरसिंहपुर पहुंचे और जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जल निकासी व्यवस्था में शिथिलता मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से पानी की निकासी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इलिया रोड के निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि हाईवे के नीचे से गुजरने वाली क्रॉस पुलिया और मुख्य नाला जाम होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। जानकारी मिलते ही जेटिंक मशीन लगाकर नाले की सफाई शुरू करा दी गई है। सफाई के बाद पानी की निकासी तेजी से होने लगी है। अधिकारियों ने बताया कि नाले की पूरी तरह सफाई कराए जाने के बाद भविष्य में इस तरह की समस्या को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी इसके बाद जिलाधिकारी सदर ब्लॉक के ग्राम नरसिंहपुर पहुंचे। यहां बारिश के पानी की समुचित निकासी नहीं होने पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसडीएम सदर और चंद्रप्रभा प्रखंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जलजमाव के कारण आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश से प्रभावित सभी क्षेत्रों का अधिकारी स्वयं भ्रमण करें और जल निकासी के लिए मौके पर आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने एसडीएम सदर और एक्सईएन चंद्रप्रभा को निर्देशित किया कि प्रभावित इलाकों में तत्काल जल निकासी व्यवस्था बहाल कराई जाए और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारी बारिश के दौरान आमजन की सुविधा, आवागमन और फसलों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ जल निकासी की व्यवस्था को प्रभावी बनाएं, ताकि बारिश के बाद लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पड़ोसी से विवाद के बाद मारपीट हत्या के प्रयास में तीन गिरफ्तार

**धीना (चंदौली)।** पड़ोसी से विवाद के बाद मारपीट करने के मामले में धीना पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस की लाठी और डंडा बरामद किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक दिलीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक ताराचंद्र सिंह मय टीम ने मु.अ.सं. 77/2026 से संबंधित आरोपित रामप्रवेश राम (55), चंद्रभूषण राम (30) और सूरज राम (24) को ग्राम बरडीहा स्थित नहर पुलिया के पास से शाम करीब 5:35 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3) और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे बाहर रहकर निजी नौकरी करते हैं। घटना से एक दिन पहले वे घर लौटे थे। उन्हें जानकारी हुई कि उनके पिता का पड़ोसी गोपाल राम से विवाद हुआ था।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की तत्परता से मिली नई जिंदगी

**✡ इमरजेंसी में तत्काल इंट्यूबेशन के बाद ICU में चला उपचार**

**भारत एकता टाइम्स/ चंदौली**



बाबा किनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में चिकित्सकों की तत्परता से गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज को करीब 49 घंटे वेंटिलेटर सपोर्ट के बाद सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटा दिया गया। मरीज की हालत में सुधार होने के बाद उसे एनआरबीएम (नॉन-रीब्रीदर मास्क) पर रखा गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मरीज की लगातार निगरानी की जा रही है। ग्राम काटा, थाना सैयदराजा निवासी सुजीत पुत्र रामचंद्र को 25 अगस्त को दोपहर करीब 1:25 बजे गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए इमरजेंसी विभाग में तैनात इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. अजय कुमार वर्मा ने तत्काल इंट्यूबेशन किया। इस दौरान ड्यूटी फार्मासिस्ट बीर सिंह और जूनियर रेजिडेंट्स की टीम ने सहयोग किया। इसके बाद मरीज को 25 अगस्त को दोपहर करीब 2:20 बजे क्ब्व में स्थानांतरित किया गया। क्ब्व प्रभारी डॉ. विवेकानंद तिवारी के निर्देशन में चिकित्सकीय टीम ने उपचार शुरू किया और मरीज की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई।

## सचिव ने जिला कारागार व संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**चंदौली।** प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली अशोक कुमार-11 के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव निकिता गौड़ ने गुरुवार को जिला कारागार वाराणसी एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह रामनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशोर बंदियों, महिला एवं पुरुष बंदियों की समस्याओं की जानकारी लेने के साथ भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा कानूनी सहायता की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेक्षण गृह रामनगर के प्रभारी अधीक्षक कमलेश कुमार पांडेय, जिला कारागार वाराणसी के जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर सुरेश बहादुर सिंह तथा डिप्टी जेलर शिवपूजन मिश्रा एवं सत्यम मिश्रा मौजूद रहे। पूर्णकालिक सचिव ने राजकीय संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोर बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किशोर बंदियों ने किसी प्रकार की समस्या नहीं होने की बात कही। इसके बाद उन्होंने संप्रेक्षण गृह की पाकशाला का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भोजन की गुणवत्ता के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# लतीफशाह में उमड़ा सैलानियों का हुजूम

**✡ तेज बहाव में नहाने वालों को एसडीएम ने लाउडस्पीकर से किया अलर्ट**



**चकिया, चंदौली।** लतीफ शाह बांध के ओवरफ्लो होने के बाद गुरुवार को यहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बांध का मनोरम नजारा देखने पहुंचे लोगों में कुछ युवक और सैलानी पूर्वी छोर पर तेज बहाव के बीच उतरकर नहाते दिखाई दिए। पानी के तेज बहाव के बीच इस तरह नहाना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता था। स्थिति की जानकारी मिलते ही चकिया एसडीएम विकास मित्तल बारिश के बीच स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीगते हुए हाथ में लाउडस्पीकर लेकर बांध के आसपास मौजूद सैलानियों को लगातार अलर्ट किया। एसडीएम ने एनाउंसमेंट कर लोगों को तेज बहाव वाले स्थान से दूर रहने और सुरक्षित स्थान पर जाने की सख्त हिदायत दी। एसडीएम विकास मित्तल ने सैलानियों को आगाह करते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं मुसाखांड़ बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में लतीफ शाह बांध का बहाव और तेज हो सकता है। ऐसे में पानी के बीच जाना अथवा तेज बहाव के पास खड़े होकर फोटो और सेल्फी लेना जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मनोरम दृश्य देखने के दौरान सुरक्षा को नजरअंदाज न करें। खासकर बच्चों और युवाओं को गहरे पानी तथा तेज बहाव वाले स्थानों पर न जाने दें।

# कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस लागू, अब एक क्लिक पर मिलेगी फाइल की लोकेशन



**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली को डिजिटल, तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू कर दिया है। अब पत्रावलियों का संचालन डिजिटल माध्यम से होगा और एक क्लिक पर यह पता लगाया जा सकेगा कि संबंधित फाइल किस स्तर पर लंबित है। जिलाधिकारी ने बताया कि वह स्वयं पिछले एक सप्ताह से डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से ई-ऑफिस पर पत्रावलियों का निस्तारण कर रहे हैं। इस अवधि में 200 से अधिक फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली पर भेजी जा चुकी हैं। नई व्यवस्था से फाइलों की मॉनिटरिंग आसान होने के साथ ही उनके समयबद्ध निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद है। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से पत्रावलियों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक भौतिक रूप से भेजने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने और फाइलों की स्थिति पर नजर रखने में भी सुविधा मिलेगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ने की संभावना है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वागीश कुमार शुक्ला ने बताया कि कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों से ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों एवं शासकीय पत्रों का प्रेषण शुरू हो चुका है। इससे फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी और कार्यों के निस्तारण में तेजी आएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों से शासकीय पत्रों और पत्रावलियों का प्रेषण ई-ऑफिस के माध्यम से ही सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था से कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी।

# डैम प्रभावित गांवों के रहवासियों की सुनी जाएगी समस्याएं

**✡ डूब क्षेत्र के 252 परिवारों के पुनर्वास पैकेज का सत्यापन जल्द पूरा करने के निर्देश**

**भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र**



कनहर डैम परियोजना से प्रभावित परिवारों की भूमि, पुनर्वास और अन्य लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए अब प्रशासन गांवों तक पहुंचेगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में कनहर विभाग एवं संबंधित राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर 1 से 15 सितंबर तक प्रभावित गांवों में संयुक्त चैपालें लगाने के निर्देश दिए हैं। चैपालों में राजस्व और कनहर विभाग के अधिकारी मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और निस्तारण योग्य मामलों का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवारों से जुड़े मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उप जिलाधिकारी ओबरा और दुद्धी को भूमि की रजिस्ट्री, सत्यापन और अन्य लंबित औपचारिकताओं से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मिलने वाले लाभ समय से उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में डैम के डूब क्षेत्र से प्रभावित अवशेष 252 परिवारों को पुनर्वास पैकेज दिए जाने की प्रक्रिया की भी समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन परिवारों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुरूप हो, ताकि पात्र परिवारों को पुनर्वास पैकेज का लाभ मिल सके। कनहर नहर निर्माण के लिए आवश्यक कृषकों की भूमि क्रय से जुड़े मामलों पर भी बैठक में चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों से जुड़े भूमि क्रय के लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर नियमानुसार समाधान कराने के निर्देश दिए। चैपालों में भूमि, रजिस्ट्री, सत्यापन और पुनर्वास के साथ ही किसानों की अन्य समस्याओं को भी सुना जाएगा। कनहर डैम के शेष निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक पुलिस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# रक्षाबंधन पर बाजार गुलजार, मिलावटी मिठाइयों की आशंका ने बढ़ाई चिंता

**✡ राखी और मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़, अस्थायी दुकानों पर गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल**



**म्योरपुर (सोनभद्र)।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर म्योरपुर विकासखंड क्षेत्र के बाजारों में गुरुवार को खूब रौनक रही। लीलासी चैराहा, देवरी, किरबिल और म्योरपुर कस्बे में सुबह से ही राखी व मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग राखी, मिठाई और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी करने बाजार पहुंचे। लीलासी चैराहा आसपास के कुदरी, जामपानी, नौडीहा, चांगा समेत दर्जनों गांवों के लोगों के लिए प्रमुख बाजार माना जाता है। सुबह से ही यहां ग्रामीणों की आवाजाही बढ़ गई। दुकानों पर रंग-बिरंगी और डिजाइनर राखियों के साथ विभिन्न प्रकार की मिठाइयां सजी नजर आईं। खरीदारी कर रहे अरविंद, प्रशांत, सुनील, रामदेव, कमलेश, मनीष, राजकुमार, हीरालाल और अभिषेक समेत अन्य लोगों ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह है। कई बहनें भाइयों को राखी बांधने के लिए पहले ही अपने मायके अथवा भाइयों के घर रवाना हो गई हैं। व्यापारियों के मुताबिक इस बार राखियों और मिठाइयों की बिक्री में तेजी आई है। खासकर डिजाइनर राखियों की मांग अधिक रही। बाजार में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ और दुकानों पर सजी राखियों ने पर्व का उत्साह बढ़ा दिया। पर्व की रौनक के बीच बाजार में बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर अस्थायी मिठाई की दुकानें खुल गई हैं, जहां खुले में मिठाइयां रखकर बिक्री की जा रही है। स्थानीय लोगों ने मिठाइयों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच कराने की मांग की है। कुछ स्थानीय सूत्रों ने बाजार में सिंथेटिक अथवा मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की आशंका जताई है। हालांकि, इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

## रक्षाबंधन को लेकर करमा पुलिस की सख्ती



**सोनभद्र।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर करमा थाना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों से छह अभियुक्तों को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल और क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में करमा पुलिस ने आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए क्षेत्र में संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में फिरोज पुत्र सत्तार निवासी पगिया, अभय पटेल उर्फ छेदी पटेल पुत्र रामरूप पटेल निवासी भरकवाह, सुबास पुत्र रामलोचन, विनोद पुत्र स्व. शिवानन्द, मिठाई लाल पुत्र स्व. हिरामन तथा मनोज कुमार पुत्र नन्दलाल, सभी निवासी सिरसिया ठकुराई, थाना करमा शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज सिंह, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, हेड कांस्टेबल विवेक गिरी, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, महिला कांस्टेबल सन्ध्या पाण्डेय और महिला कांस्टेबल उमा सिंह शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग और निरोधात्मक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र।** वांछित एवं इनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में पिपरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 20 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त को मुर्धवा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पिपरी थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष राजेश जी चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर धोबी नाला मोड़, मुर्धवा के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने मुकेश मुंडा पुत्र बंटोही मुंडा, निवासी ग्राम समधमिया, थाना खलारी, जिला रांची, झारखंड, उम्र करीब 32 वर्ष को सुबह करीब 10:25 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त थाना पिपरी में दर्ज मु.अ.सं.-119/2026, धारा 316(3), 319(2), 338, 336(3) और 340(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त था। उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### चोरी के एंगल के साथ युवक धराया



**सोनभद्र।** चोरी की घटना के अनावरण में बीजपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी के लोहे के तीन एंगल बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल और क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में बीजपुर पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 अगस्त को सुबह करीब 8:49 बजे नकटू-कोड़ार मार्ग के पास से उमेश कुमार पुत्र रामलखन निवासी डोडहर, थाना बीजपुर उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक वह थाना बीजपुर में दर्ज मु.अ.सं.-95/2026, धारा 303 बीएनएस में वांछित था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से मुकदमे से संबंधित चोरी के लोहे के तीन एंगल बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार उमेश कुमार का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2019 से 2026 तक मारपीट, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, चोरी और अन्य धाराओं में कुल छह मुकदमे दर्ज हैं।

### रसेल वाइपर के डंसने से किसान की हालत गंभीर

**म्योरपुर (सोनभद्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नधिरा गांव में बुधवार को धान के खेत में खाद डाल रहे 25 वर्षीय युवक को विषैले सर्प रसेल वाइपर ने डंस लिया। घटना के करीब आठ घंटे बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बताई गई और उसका उपचार जारी था। नधिरा ग्राम पंचायत निवासी रामनाथ (25) बुधवार दोपहर धान के खेत में खाद डाल रहा था। इसी दौरान खेत में मौजूद रसेल वाइपर ने उसके पैर में डंस लिया। सर्पदंश के बाद वह किसी तरह खेत से घर पहुंच गया। बताया गया कि घटना के समय उसके दोनों बड़े भाई काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जिसके कारण उसे तत्काल अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। परिजनों के मुताबिक रात करीब आठ बजे दोनों भाई काम से वापस लौटे तो रामनाथ की हालत बिगड़ चुकी थी। उसकी स्थिति देखकर परिजन तत्काल निजी वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर लेकर पहुंचे। सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ. पल्लवी सिन्हा ने युवक को भर्ती कर उपचार शुरू किया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में भी चिंता का माहौल है।

### प्राचीन बरैला महादेव हवन में उमड़े श्रद्धालु



**सोनभद्र।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बरैला बाबा भोलेनाथ श्रृंगार समिति सोनभद्र की ओर से सावन माह के अंतिम बुधवार एवं बृहस्पतिवार को दो दिवसीय प्राचीन बरैला महादेव का श्रृंगार महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किए। महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार को बरैला महादेव का फूलों की आकर्षक कसीदाकारी से महादेव के स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगारित प्राचीन बरैला महादेव का पट शाम चार बजे श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। इसके बाद भव्य आरती के साथ श्रृंगार महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं तांता लग गया। दिव्य एवं मनमोहक स्वरूप में विराजमान प्राचीन बरैला महादेव के दर्शन कर भक्त भावविभोर नजर आए। शाम सात बजे से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी और हलवा का प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक दर्शन-पूजन एवं प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला जारी रहा। महोत्सव के दूसरे दिन 27 अगस्त को दोपहर बाद भव्य हवन का आयोजन हुआ। हवन के पश्चात पूणाहुति की गई और महादेव को बाटी-चोखा, चावल, दाल, खीर एवं सलाद का भोग अर्पित कर आरती की गई। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, श्रद्धालुओं एवं स्नेहीजनों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। समापन अवसर पर बरैला बाबा भोलेनाथ श्रृंगार समिति के संयोजक, अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों ने भगवान भोलेनाथ को नमन करते हुए महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों, समाजसेवियों एवं मीडियाकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मेहंदी और कजरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**चकिया, चंदौली।** एसआरवीएस महाविद्यालय सिकंदरपुर में मेहंदी एवं कजरी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी कला, रचनात्मकता और लोक संस्कृति से जुड़े हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के एएमडी श्याम सिंह एवं समाजसेविका अर्चना ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समाजसेविका अर्चना ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि मेहंदी और कजरी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। इन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना और लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एएमडी श्याम सिंह ने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय पाठक, बीएड प्राचार्य डॉ. जयदीप सिंह, सचिव सुमित सिंह सहित महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं।

### किड़िहिरा पहुंचे विधायक कैलाश आचार्य



**शहाबगंज, चंदौली।** थाना क्षेत्र के किड़िहिरा गांव में कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत के बाद गुरुवार को चकिया विधायक कैलाश आचार्य गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों के स्वजन से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने पीड़ित परिवारों को शासन स्तर से नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिया। गौरतलब है कि बंद और संकरे कुएं से समरसेबल निकालने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से पांच लोग अचेत हो गए थे। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया था। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि हादसे में हुई मौत बेहद दुखद और अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों और शासन स्तर तक पहुंचाकर नियमानुसार सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के सामने गांव की मूलभूत समस्याएं भी रखीं। ग्रामीणों ने गांव में बिजली के खंभे नहीं होने, आवागमन के रास्ते की टूटी पुलिया, पेयजल व्यवस्था और सड़क से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया टूट जाने के कारण बड़ी गाड़ियों का गांव तक पहुंचना मुश्किल है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी इसी दौरान विधायक को जानकारी मिली कि गांव निवासी मेराजुद्दीन का कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया है। इस पर वह मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया। परिवार से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली।


मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004, भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004, India

Advertisement No. 05/2026, dated 24.08.2026

Walk-In-Interview will be held on 07.09.2026 for the following contractual positions:

| Sl. No. | Post | Number of posts | Place of Posting |
|---|---|---|---|
| 1. | Ad-hoc Faculty in Department of Biotechnology (on purely contract basis) | 01 | Department of Biotechnology |

For further details- eligibility, educational qualification, emoluments and application form please visit the Institute website http://www.mnnit.ac.in

For registration and document verification, Interested candidates must report to Department of Biotechnology, MNNIT Allahabad with original documents and one set of self-attested photocopy at 09:00 A.M. on 07.09.2026. The Registration process will close at 10:30 A.M.

CBC 21306/11/0002/2627

REGISTRAR

## दशाश्वमेध घाट पर विशेष गंगा आरती, मृतकों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

# नेपाल बाढ़ त्रासदी पर काशी में शोक, सुरक्षा की कामना

**नेपाल त्रासदी**

**तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल में आई भीषण बाढ़ से जनहानि पर शोक**

**भारत एकता टाइम्स/ वाराणसी**



प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर गुरुवार को गंगोत्री सेवा समिति की ओर से नेपाल एवं तिब्बत में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सुरक्षा, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और बाढ़ में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए विशेष गंगा पूजन एवं गंगा आरती की गई। इस दौरान मां गंगा और बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना कर बाढ़ प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय से उबरने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। मृतकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखने के बाद गंगा तट पर दीपदान और गंगा पूजन किया गया। गंगोत्री सेवा समिति की ओर से आयोजित विशेष गंगा आरती नेपाल एवं तिब्बत के बाढ़ पीड़ितों को समर्पित रही। पांच ब्राह्मण आचार्यों ने गंगा तट पर दीपदान कर मां गंगा की विशेष आरती की और सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी रमन दूबे ह्यबाबू महाराजह्न, सचिव दिनेश शंकर दूबे, संदीप कुमार दूबे, मयंक दूबे, मोहक दूबे, संकठा प्रसाद, दिनेश शहनी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। समिति ने नेपाल एवं तिब्बत के सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रभावित लोगों को शक्ति, सुरक्षा एवं संबल प्रदान करने तथा दिवंगत आत्माओं को शांति देने की प्रार्थना की।

### *भाजपा नेताओं ने जताया शोक*

तिब्बत में 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल में आई भीषण बाढ़ से हुई जनहानि पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने नेपाल में बाढ़ से हुई भीषण जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के नागरिक मजबूती से अपने नेपाली भाइयों और बहनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में हुई मौतों और व्यापक नुकसान से भारत बेहद दुखी और सदमे में है। नेपाल केवल भारत का पड़ोसी देश ही नहीं, बल्कि मित्र राष्ट्र है और दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आत्मीय संबंध हैं। अशोक चौरसिया ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदार रहे हैं। ऐसे कठिन समय में भारत अपने नेपाली भाइयों-बहनों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आपदा से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राहत और बचाव कार्यों में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## काशी विद्यापीठ : स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 121 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गुरुवार को 121 विद्यार्थियों ने काउन्सिलिंग कराकर ऑनलाइन शुल्क जमा किया। प्रवेश सेल उप समन्वयक प्रो. नलिनी श्याम कामिल ने बताया कि 29 अगस्त को एम.ए./एम.एस-सी. (सांख्यिकीय), पी.जी. डिप्लोमा इन काउंसलिंग एंड गाइडेंस, डिप्लोमा इन कर्मकांड, एम.ए. संस्कृत, बी.लिब. आई-एससी., एम.एस-सी. भौतिक विज्ञान, एम.ए./एम.एस-सी. गणित, एम.एस-सी. रसायन विज्ञान, एम.ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार), एम.ए./एम.एस-सी. (भूगोल) व एम.एस-सी. वनस्पति विज्ञान की द्वितीय काउन्सिलिंग वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय भवन में होगी। प्रो. कामिल ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को 29 अगस्त के लिये ई-मेल पर लिंक भेजा गया है वे 'गेट पास' के साथ अपने मूल प्रमाण-पत्रों का एक सेट फोटोस्टेट, स्वयं की 04 स्टाम्प साइज फोटो, अपनी कटेगरी का अद्यतन प्रमाण पत्र सहित पूर्वाह्न 10:30 बजे निर्धारित संकाय पर काउन्सिलिंग हेतु उपस्थित होंगे। प्रो. कामिल ने कहा कि प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिये अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

# गड्ढों में तब्दील बड़ागांव मार्ग

**दुश्वारी**

**रोज गिरकर चोटिल हो रहे स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



**बाबतपुर।** बड़ागांव विकासखंड क्षेत्र में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। ब्लॉक मुख्यालय से गांककला भट्ठा तक जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर होकर जानलेवा बन चुका है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे और हालिया मानसूनी बारिश के बाद हुआ जलभराव राहगीरों के लिए रोजाना हादसों का कारण बन रहा है। इस मार्ग से दर्जनभर से अधिक विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं साइकिल और पैदल आवागमन करते हैं। बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि दुर्घटना के डर से कई अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से भी परहेज करना शुरू कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इसी मार्ग से क्षेत्र के दो विधायकों का लगातार आवागमन होता है, इसके बावजूद सड़क की दुर्दशा सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों की इस अनदेखी से ग्रामीणों और अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है। हजारों राहगीर प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर यहां से गुजरने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्त का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत व पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## रेल संपत्ति चोरी में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के नेतृत्व में वाराणसी मंडल रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, सहायता तथा रेल संपत्ति की सुरक्षा के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। 26 अगस्त को गाड़ी संख्या 15112 डाउन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर खड़ी जनरल कोच में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका अस्वस्थ अवस्था में मिली। आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल, कबीर चौरा में भर्ती कराया। उपचार के बाद बालिका को आरपीएफ पोस्ट वाराणसी सिटी लाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना देकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बालिका को चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर के सुपुर्द कर दिया गया। 26 अगस्त को बैतालपुर क्षेत्र में आरपीएफ टीम ने मुखबिर की सूचना पर समपार संख्या 133 एसी के निकट दो संदिग्धों को पकड़ा। उनके पास से तीन प्लास्टिक बोरियों में कुल 59 पेंड्राल क्लिप (ईआरसी) बरामद हुईं, जिनकी अनुमानित कीमत 5,015 है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पप्पू खान (23 वर्ष) और समीर अंसारी (19 वर्ष) के रूप में हुई।

## 'खेलो इंडिया युवा संवाद' कार्यक्रम में युवाओं ने लिया हिस्सा, किया संवाद

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**




मेरा युवा भारत वाराणसी के तत्वावधान में जनपद वाराणसी में खेलो इंडिया युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन तीन प्रमुख शिक्षण संस्थानों में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, युवाओं को खेलों में करियर के अवसरों से परिचित कराना तथा उन्हें खेलो इंडिया युवा गतिविधियों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए किया गया। वाराणसी में आयोजित इन तीनों कार्यक्रमों में कुल 1029 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिमखाना क्लब, आईआईटी-बीएचयू में आयोजित ह्यखेलो इंडिया युवा संवादह्न कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दर्शना सिंह, सांसद, राज्यसभा रहीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राजेश कुमार, डीन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स आइकन मंगल यादव एवं नासिर अली ने युवाओं से संवाद किया। इसी क्रम में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम में 404 युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा, राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आनंद के. त्यागी, कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ तथा सुनीता पांडेय, कुलसचिव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी एवं स्पोर्ट्स आइकन पूनम यादव ने युवाओं से संवाद किया। धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज में आयोजित ह्यखेलो इंडिया युवा संवादह्न कार्यक्रम में 525 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के मामले में तीन दोषमुक्त

**वाराणसी।** गैंगस्टर एक्ट के मामले मेंतिन आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) सुशील कुमार खरवार की अदालत ने नारायणपुर, लंका निवासी मुन्नू तिवारी, त्रिपुरा भैरवी, दशाश्वमेध निवासी महेश पुरोहित व हड़हा सराय चौक निवासी सानू उर्फ नाजिम को मुकदमे के विचारण के दौरान आरोप सिद्ध न होने पर संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अदालत में आरोपित मुन्नू तिवारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार आठ फरवरी 2008 को तत्कालीन लक्सा थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह अपने सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र में बीते दिनों हुई पार्षद विजय वर्मा की हत्या के मामले आरोपित संतोष गुप्ता उर्फ कित्तुल, लालू वर्मा, सुरेंद्र पांडेय, सानू उर्फ नाजिम, महेश पुरोहित व मुन्नू तिवारी शातिर किस्म के अपराधी है। इन्होंने अपना एक गैंग बना लिया है। इस गैंग के लोग हत्या, हत्या का प्रयास, लूट समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते है और अपने व अपने गिरोह

# आयुष मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से की आयुष विभाग की समीक्षा

**दिशा-निर्देश**

**स्वच्छता, हरियाली और औषधि उपलब्धता पर विशेष फोकस**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



प्रदेश के आयुष, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने आज स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक अस्पतालों की स्थिति, निमार्णाधीन एवं पूर्ण भवनों, औषधियों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निर्देश दिए कि जिन अस्पतालों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनका शीघ्र लोकार्पण कराकर जनसेवा के लिए संचालित किया जाए। अस्पताल परिसर में स्वच्छता, मरीज-अनुकूल वातावरण और पौधरोपण कर हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही किसी भी अस्पताल में औषधियों की कमी न रहे, इसकी नियमित निगरानी की जाए। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया, आयुष मंत्री दो डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज वर्चुअल बैठक कर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को जनहित में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि निर्माण पूर्ण अस्पतालों को अनावश्यक रूप से बंद न रखा जाए। शीघ्र लोकार्पण कराकर आमजन को आयुष चिकित्सा का लाभ पहुंचाया जाए। अस्पतालों में स्वच्छता, हरियाली और बेहतर वातावरण सरकार की प्राथमिकता है। वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न हुई बैठक में प्रमुख सचिव रंजन कुमार, विशेष सचिव मदन सिंह गर्ब्याल, आयुर्वेद निदेशक नारायण दास, होम्योपैथी निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, यूनानी निदेशक जमाल अख्तर, जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोर्ट ने दरोगा पंकज सिंह चौहान के खिलाफ जांच के आदेश दिए

**वाराणसी।** थाना बड़ागांव क्षेत्र में एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट, पैसे व सोने की चेन छीनने के आरोप में न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) वाराणसी ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रकरण ग्राम रामगांव निवासी अतुल कुमार चौबे पुत्र महेन्द्र प्रसाद चौबे द्वारा दायर प्रार्थना-पत्र संख्या 1974/2026 अंतर्गत धारा 173(4) बीएनएसएस से संबंधित है। प्रार्थी के अनुसार दिनांक 31 मई 2026 को वह अपनी बहन को बीएड परीक्षा दिलाने बलदेव इंटर कॉलेज बड़ागांव गया था। वापस लौटते समय चाय की दुकान पर विवाद के बाद दुकानदार द्वारा बुलाए जाने पर चौकी पर तैनात दरोगा *पंकज सिंह चौहान* ने उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की, जेब में रखे पैसे व गले की सोने की चेन छीन ली और भगा दिया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष बड़ागांव व पुलिस आयुक्त को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी, पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पत्रावली के अवलोकन के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार-द्वितीय ने दिनांक 14.08.2026 को आदेश पारित करते हुए कहा कि ललिता कुमारी बनाम उ.प्र. राज्य के सिद्धांत के तहत प्रारंभिक जांच आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाली तीज में सरोज सिंह बनीं तीज क्वीन



**वाराणसी।** रेड पैलेस (सारनाथ ) में रुद्रा बुद्धा एन्क्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी की ओर से हरियाली तीज उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। सोसायटी अध्यक्ष कल्पना तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुंदर सोलह श्रृंगार और पारंपरिक तीज श्रृंगार के लिए सरोज सिंह को तीज क्वीन चुना गया। उन्होंने सोलह श्रृंगार कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने महिलाओं का स्वागत बालों में गजरा सजाकर किया। कार्यक्रम में सरप्राइज गेम्स, मनोरंजक खेल और सोलह श्रृंगार गेम का आयोजन हुआ। महिलाओं ने खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कल्पना तिवारी, पुष्पा तिवारी, लीना श्रीवास्तव, पल्लवी गुप्ता, पल्लवी सिंह, सुमन लता गौतम, साध्वी, शिवा उपाध्याय, आकांक्षा सिंह, मोना सिंह आदि मौजूद रहीं।

### विश्वकर्मा समाज के लिए आयोजित हुआ जादू शो



**वाराणसी।** नगरी नाटक मंडली में चल रहे प्रसिद्ध जादूगर जूनियर ओपी शर्मा के जादू शो में श्री विश्वकर्मा सभा, चौकाघाट के तत्वावधान में विश्वकर्मा समाज के लिए विशेष शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 550 से 600 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जादूगर जूनियर ओपी शर्मा की अद्भुत जादूगरी देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध और अचंभित नजर आए। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री विश्वकर्मा सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा एवं मंत्री अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर जूनियर ओपी शर्मा तथा ललित कला बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुनील विश्वकर्मा को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री अनिल शर्मा, अरविंद विश्वकर्मा एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने अतिथियों तथा समाज के सभी परिवारों का हार्दिक अभिनंदन एवं वंदन किया।

### नालसा की प्रमुख योजनाओं की दी गई जानकारी





**वाराणसी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के सचिव राजीव मुकुल पांडे के निदेशानुसार विकासखंड चिरईगांव के ग्राम पियरी के पंचायत भवन पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक विनोद कुमार कनौजिया द्वारा समस्त ग्रामवासियों को नालसाकी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर वादों के त्वरित निस्तारण के लाभों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गीतांजलि देवी, ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार सोनकर, पंचायत सहायक निशा सिंह सहित समस्त पीएलवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट के शिव मंदिर में किया रूद्राभिषेक



**वाराणसी।** लोक मंगल की कामना से कलेक्ट्रेट स्थित शिव मंदिर में अधिवक्ताओं ने रूद्राभिषेक किया। देवाधिदेव महादेव को प्रिय विल्व पत्र,दुर्वा,मदार,कमल पुष्प अर्पित करने के बाद जल और गोदूध से अधिवक्ताओं ने रूद्राभिषेक किया। आचार्य पं सुधीर त्रिपाठी के आचार्यत्व में पांच भूदेवों विनोद पांडेय, विपिन शुक्ला, राजेश तिवारी और सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रूद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों से रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया। रूद्राभिषेक के मुख्य यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश प्रसाद सिंह और धीरेंद्र श्रीवास्तव रहे।

### ई-रिक्शा चोरी में आरोपी गिरफ्तार



**वाराणसी।** कैंट पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में प्रद्युम गोस्वामी (29), निवासी शिवपुरवा, सिगरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी के ई-रिक्शा और चार बैटरियां बरामद की हैं। आरोपी ने सिगरा, नदेसर, गिलट बाजार और अर्दली बाजार समेत अन्य इलाकों से ई-रिक्शा व बैटरियां चोरी करने की बात स्वीकार की है। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक नाज किशोर पांडेय, नदेसर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक राहुल कुमार सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार पाठक, शत्रुघ्न गौड़, अभिलाष और अनुज कुमार शामिल रहे।

# 78 करोड़ की लागत से बनेगा पुलिस मुख्यालय, भूमि पूजन

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को वाराणसी में लगभग 78 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पुलिस मुख्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि नए पुलिस मुख्यालय भवन के निर्माण से पुलिस विभाग को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नवीन भवन में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि नए पुलिस मुख्यालय परिसर में राजपत्रित अधिकारियों के लिए आवासीय भवन की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे पुलिस अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण के साथ-साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। करीब 78 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित यह परियोजना वाराणसी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नए भवन में आधुनिक सुविधाओं के विकास से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलने की उम्मीद है। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किए जाने की योजना है। इसके निर्माण से पुलिस विभाग के प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यों को और अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, एसीपी शिवहरि मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक की हत्या के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में चोरी के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों अजय सिंह और विशाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार, 21-22 अगस्त 2026 को चौबेपुर थाना क्षेत्र में रामजनम नामक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच के दौरान शव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। परिजनों की ओर से भी किसी व्यक्ति पर संदेह व्यक्त नहीं किया गया था। इसी बीच सोशल मीडिया पर घटना से संबंधित फोटो और वीडियो वायरल होने की जानकारी पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आई। वायरल फोटो और वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि युवक की मौत मारपीट के दौरान आई गंभीर चोटों के कारण हुई थी।

# चमक-गरज की बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

जनपद के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में गुरुवार शाम 7 बजे से रात तक बारिश हुई। इस दौरान कभी तेज, कभी मध्यम गति से बौछारें पड़ीं तो कभी फुहारें पड़ीं। इससे जलजमाव वाले इलाकों में फिर दिक्कतें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी रुक-रुक कर वर्षा जारी रहने का अनुमान लगाया है। बारिश ने राहत तो दी है लेकिन जमीन पर आफत बढ़ी है। बीते सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक हुई तेज बारिश से शहर के कई इलाके अभी पूरी तरह उबरे भी नहीं थे कि गुरुवार रात चमक-गरज के साथ मेघ फिर बरस पड़े। बारिश की शुरूआत बहुत तेज रही जो लगभग एक घंटे तक चली। इसके बाद लगभग आधे घंटे तक बूंदाबादी हुई, फिर बूंदे रफ्तार से गिरने लगीं। यह क्रम रात के बाद तक जारी था। इस दौरान खूब बिजली चमकी, डरावनी मेघ गर्जना भी हुई। इसके चलते कई सड़कों पर एवं कॉलोनियों में पानी लग गया था। सावन के अंतिम दिनों की झमाझम ने औसत बारिश का कोटा पूरा कर दिया। **सैकड़ों परिवारों के सामने मुसीबत-** जलालीपुरा वार्ड के कई मोहल्लों में 30 घंटे से पानी भरा हुआ है। जलालीपुरा, अमरहिया, शाह का पंजा, अमरपुर बटलोहिया और मढ़िया के सैकड़ों परिवार घरों में कैद हो गए हैं। पार्षद प्रतिनिधि ओकास अंसारी ने बताया कि नगर निगम की ओर से अब तक कहीं पंप नहीं लगाया गया है।

### *गंगा का जलस्तर स्थिर*

गंगा के जलस्तर गुरुवार को स्थिर हो गया। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार की सुबह जलस्तर स्थिर हो गया। जलस्तर 67.9 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से लगभग तीन मीटर नीचे है। गंगा के जलस्तर में पिछले दिनों लगातार बढ़ोत्तरी हो रही थी। जलस्तर तेजी से बढ़ रहा था। गंगा चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच गई थीं। घाट और आसपास के इलाके जलमग्न हो गए थे। ऐसे में चुनौती बढ़ गई थी। घाट किनारे रहने वाले लोग बाढ़ की आशंका को लेकर सशंकित थे। पिछले दो दिनों से गंगा के जलस्तर में गिरावट हो रही थी। सोमवार से जलस्तर में कमी का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। वहीं गुरुवार की सुबह जलस्तर स्थिर हो गया। वाराणसी में गंगा का चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर और खतरे का बिंदु 71.26 मीटर है। एनडीआरएफ, जल पुलिस के साथ ही प्रशासन नजर बनाए हुए हैं। आला अधिकारी लगातार अपडेट ले रहे हैं।

# रास्ते के विवाद से परेशान महिला ने दी जान

**14 घंटे तक घर के बाहर पड़ा रहा शव, रास्ता दिलाने की मांग पर अड़े परिजन, अंतिम संस्कार से इनकार**

**दो साल से डीएम-डीसीपी के दफ्तरों के चक्कर काट रहा था परिवार**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



**बाबतपुर।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के अहरक गांव में घर से बाहर निकलने का रास्ता बंद होने और जमीन पर कब्जे के विवाद से परेशान होकर 50 वर्षीय महिला कविता उपाध्याय ने बुधवार शाम अपने घर के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को घर के बाहर रख दिया और रास्ता दिए जाने की मांग पर अड़ गए। करीब 14 घंटे से शव घर के बाहर रखा हुआ है और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद परिजन बिना रास्ता मिले अंतिम संस्कार न करने की जिद पर देर शाम तक अड़े रहे। अहरक गांव निवासी संतोष उपाध्याय का मकान गांव के बीच में स्थित है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसियों ने घर से बाहर निकलने वाले रास्ते और नवीन परती की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया। इस कारण परिवार के लिए घर से बाहर आने-जाने का रास्ता पिछले दो वर्षों से पूरी तरह बंद था। मृतका के बेटे विशाल उपाध्याय ने बताया कि रास्ता खुलवाने के लिए परिवार पिछले दो साल से जिलाधिकारी (डीएम), पुलिस कमिश्नर (सीपी), डीसीपी गोमती और एसडीएम पिंडरा सहित कई अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहा था, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। परिजनों के अनुसार, लगातार मिल रही उपेक्षा से परेशान होकर कविता उपाध्याय ने कई बार अधिकारियों के सामने खुदकुशी करने की चेतावनी भी दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद प्रशासनिक अमले ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। बुधवार दोपहर बाद जब कविता दिखाई नहीं दीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। शाम करीब 7 बजे उनका शव घर के शौचालय में फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। परिजनों ने गांव के ही मनीष उपाध्याय (पुत्र स्वर्गीय चंद्रिका उपाध्याय) पर नवीन परती की जमीन पर कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस अवैध कब्जे के कारण ही उनका रास्ता बंद हुआ था। मृतका के पति संतोष उपाध्याय दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि बेटा विशाल एमए की पढ़ाई कर रहा है। ?घटना के बाद से ही गांव में भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं। अधिकारी लगातार परिजनों को समझा-बुझाकर अंतिम संस्कार कराने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं परिजनों का कहना है कि "जीते जी कविता की गुहार नहीं सुनी गई, अब जब तक रास्ता नहीं मिलेगा, तब तक शव नहीं उठेगा। इस हृदयविदारक घटना ने स्थानीय राजस्व और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## चंद्रावती मार्केट में रक्षाबंधन की रौनक

**वाराणसी।** चंद्रावती मार्केट हरिहरपुर बाजार में रक्षाबंधन पर्व के नजदीक आते ही रौनक बढ़ गई है। भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक इस त्योहार के लिए राखी, कपड़े, मिठाई और उपहार की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। बाजार में विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। छोटी, बड़ी, रंग-बिरंगी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां बच्चों से लेकर महिलाओं तक को आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों के अनुसार, इस बार बाजार में 10 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की राखियां मौजूद हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नाम इरशाद अहमद (IRSHAD AHMAD ) लिखा गया है जो कि गलत है,जबकि जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम इरशाद अहमद अंसारी (IRSHAD AHMAD ANSARI ) है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरा ही है।

**इरशाद अहमद अंसारी पुत्र नजीर अहमद**
**ग्रा. मुंशीपुरा पो. मऊनाथ भंजन जिला मऊ**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करते है की मेरे आधार कार्ड संख्या 838041738729 में दर्ज मेरी जन्मतिथि 18/03/1965 वास्तविक व सत्य है।

**जाने आलम खां पुत्र महमूद खां**
**निवासी-10 सुढना (चकमीरा)**
**असना जिला चंदौली**

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
(Department of Sports)
****

Applications are invited from eligible officers/candidates for 20 posts across administrative, judicial, IT, accounting, and secretarial cadres (Pay Levels 4-13) in the National Sports Tribunal (NST), Delhi, on a deputation basis. Detailed eligibility, qualifications, and procedure are given in the Vacancy Circular dated 07.08.2026 on https://yas.gov.in/en/sports. Last date to apply: 06.09.2026 (17:30 Hrs).

Sd/-
Director (Sports)

CBC 47108/11/0001/2627

# चीनी कम तो त्योहारों का क्या!

कुछ समय पहले चीनी कम शीर्षक से एक फिल्म आयी थी। अमिताभ बच्चन अभिनीत इस फिल्म में बेमेल प्रेम संबंधों को दिखाया गया था। इस फिल्म की तो नहीं पर इसके शीर्षक की इधर खूब चर्चा है। शायद इसलिए कि देश में बेमेल सियासत और सरकार चल रही है। इस सरकार की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि यहां फैसले लेने से पहले आगे-पीछे सोचा नहीं जाता। इसका ही नतीजा है कि समय-समय पर देश खासकर मिडिल क्लास को कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। सरकार की अदूरदर्शिता का ही नतीजा है कि त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। चीनी के बाद अब दाल, चावल, तेल और सब्जियों की कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। पिछले कुछ हफ्तों में कई जरूरी खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ रहा है। लगातार बारिश और कुछ क्षेत्रों में बाढ़ के कारण सब्जियों की सप्लाई प्रभावित होने को भी कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह माना जा रहा है।



**सत्येन्द्र श्रीवास्तव**
**स्थानीय संपादक**

चीनी की कीमतों में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिला है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 21 जुलाई को चीनी की औसत खुदरा कीमत करीब 45 रुपये प्रति किलो थी। यह अब 70 के करीब पहुंच रहा है। सब्जियों की बात करें तो प्याज के दाम में सबसे बड़ा उछाल आया है। पिछले सप्ताह करीब 30 रुपये किलो बिक रहा प्याज अब कई जगहों पर 60 रुपये किलो तक पहुंच गया है। आलू भी 20 रुपये से बढ़कर करीब 25 रुपये किलो हो गया है। हरी और अन्य सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। रसोई में इस्तेमाल होने वाली दाल और अनाज भी महंगे हुए हैं। चावल का भाव 90 रुपये से बढ़कर करीब 100 रुपये प्रति किलो हो गया है। अरहर दाल 120 रुपये से बढ़कर 150 रुपये किलो पहुंच गई। चना भी 80 से बढ़कर 85 रुपये किलो हो गया है। सरसों तेल की कीमत 160 से बढ़कर करीब 190 रुपये किलो बताई गई है। चायपत्ती के भाव में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी कीमत करीब 380 रुपये से बढ़कर 456 रुपये किलो तक पहुंच गई है। त्योहारों के दौरान इस्तेमाल होने वाले ड्राई फ्रूट्स ने भी बजट बढ़ा दिया है। काजू का भाव 1000 रुपये से बढ़कर करीब 1500 रुपये किलो हो गया है। यानी इसमें 500 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई। बादाम भी 800 रुपये से बढ़कर करीब 1100 रुपये किलो पहुंच गया है।

रसोई के इन चीजों की कीमतों को थामने के लिए सरकार एक्टिव तो हो गई है, लेकिन महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। चीनी की कीमतों को कंट्रोल करने के लिए सरकार तीन स्?तरों पर काम कर रही है। बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर तक ड्यूटी फ्री 10 लाख टन आयात की मंजूरी दी है। इसके साथ ही जमाखोरी को रोकने के लिए स्?टाक सीमा तय कर दी गई है। तीसरा-घरेलू उत?पादन बढ़ाने के लिए चीनी मिलों से इस बार जल्?द यानी 15 अक्?टूबर से पेराई शुरू करने को कहा है. ताकि नई फसल आने के बाद त्?योहारों तक पर्याप्?त चीनी उपलब्?ध हो। आलोचकों का कहना है कि चीनी के दाम में उछाल इथेनॉल की वजह से हुआ है, लेकिन सरकार ने साफ तौर पर इससे इनकार किया है. सरकार का कहना है कि चीनी की कीमतों में उछाल की वजह- जमाखोरी की आशंका है। कुछ मिल कारोबारियों और व्?यापारियों द्वारा चीनी की जमाखोरी की आशंका जताई है। इसे रोकने के लिए सरकार ने 30 नवंबर तक कारोबारियों के लिए 400 टन की स्?टाक सीमा तय की है। पर यहां असल सवाल यह है कि वह कौन सी स्थितियां हैं जिनके चलते करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार जमाखोरी रोक नहीं पा रही है। इसका नजारा पहले भी दिखा था। तब दाल की महंगाई के बाद सरकार ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में दालों का जखीरा बरामद किया गया था। अब एक बार फिर ऐसे ही हालात सरकार के इकबाल पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।



## अनमोल वचन
### स्वामी रामकृष्ण परमहंस

*जब तक हमारे मन में इच्छा है, तब तक हमे ईश्वर की प्राप्ति नही हो सकती है।*

# आस्था स्थलों का कायाकल्प, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर बल

उत्तर प्रदेश की पहचान इसकी समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली विरासत, उत्कृष्ट इतिहास और प्रगतिशील सोच से है। यह भूमि कला, साहित्य, संगीत और धर्म की महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है। प्रदेश का संस्कृति विभाग समृद्ध इतिहास के संरक्षण, संवर्धन और विकास हेतु सतत प्रयासरत है, ताकि इसकी बिरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में संस्कृत्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की मूर्त-अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों को संरक्षित संवर्धित एवं जनमानस में प्रचारित-प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। एडॉप्ट-ए-हेरिटेज नीति अपनी धरोहर, अपनी पहचान के अंतर्गत अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से अब तक 04 स्मारकों पर स्मारक मित्र के रूप में 05 वर्ष के लिए एम.ओ.यू. संपादित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार प्रदेश की प्राचीन धरोहरों का बृहद अनुरक्षण कार्य भी करा रही है। प्रदेश के लोक कलाकारों और उनकी प्रतिभा को देश दुनिया के समक्ष लाने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों की संख्या मात्र 415 थी वहीं, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हजारों कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित कराये जा रहे है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले लगभग 300 कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाता था। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कलाकारों को खोज कर उनका पंजीकरण कराया गया। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की आर्टिस्ट डायरेक्टरी में अब तक कुल 9532 कलाकार दलों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें लगभग 24,750 कलाकार पंजीकृत हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश धार्मिक,



आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों सहित विभिन्न सांस्कृतिक महत्वों का केन्द्र होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होकर प्रदेश में आते है। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में कुल 01 अरब 58 करोड़ से अधिक पर्यटक भ्रमण हेतु उत्तर प्रदेश में आकर पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया है। उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार महापुरूषों तथा राष्ट्रनायकों को युवा पीढ़ी से जोड़ने तथा सांस्कृतिक पुनरोत्थान का कार्य कर रही है, ताकि भावी पीढ़ी अपने महापुरुषों एवं राष्ट्रनिमार्ताओं पर गर्व कर सके। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की स्थापना करते हुए तीन महापुरुषों, राष्ट्रनायकों की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसका उद्घाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दिसम्बर, 2025 को किया है। प्रदेश सरकार ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की है। गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण किया गया है। सिंधी समाज के सिंधु दर्शन के तीर्थ यात्रियों के लिए 20 हजार रुपये प्रतियात्री अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। सरकार बुजुर्ग संतों, पुरोहितों एवं पुजारियों के लिए विशेष बोर्ड गठन की कार्यवाही कर रही है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद, श्री चित्रकूट धाम तीर्थ एवं नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद, श्री शुक तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केन्द्र की स्थापना भी कराया गया है। जनपद मिजार्पुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर, मां अष्टभुजा मन्दिर व मां कालीखोह मन्दिर के परिक्रमा पथ के साथ मथुरा व संभल के तीर्थस्थलों को विकसित करने का कार्य गतिमान है। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव दीपावली, नैमिष तीर्थ व शुक तीर्थ पुनरुद्धार, मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का 100 साल बाद पुनः प्रतिस्थापन तथा सोरों सूकर क्षेत्र विकास आदि अद्भुत कार्य किये गये है। अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर 17 से 19 अक्टूबर, 2025 को 26 लाख से अधिक दीप जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। काशी में देव दीपावली का आयोजन 03 से 05 नवम्बर 2025 को हुआ, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक वाराणसी आए। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज कम्पटीशन 2024 में हेरिटेज कैटेगरी में गांव पुरामहादेव, बागपत को पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2026-27 में एक लाख अतिरिक्त कमरे जोडने के उद्देश्य से रू0 45 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 2026-27 में 50,000 नए होम-स्टे कमरों का लक्ष्य रखा गया है। ब्रांडेड आपरेटरों को होम स्टे पट्टे पर लेने की अनुमति दी जा रही है। स्थानीय रोजगार व महिला भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला पर्यटक गाइडों का रू0 10,000 लाइसेंस शुल्क माफ किया गया है। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना के अन्तर्गत भारतीय-विदेशी पर्यटकों को भारतीय परिवारों के साथ आवास-भोजन-की सुविधा सुलभ करायी जा रही है। इससे उन्हें भारतीय परम्पराओं एवं रीति-रिवाजों से परिचित कराया जा रहा है। वर्ष 2017 के बाद उ0प्र0 में पर्यटन का परिवेश लगातार बदल रहा है। नये-नये विकल्पों एवं संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। कोरोना के दौरान हुई त्रासदी को देखते हुए इको टूरिज्म के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किये गये। उ0प्र0 सरकार ने पर्यटकों के आगमन के दृष्टिकोण से उच्चस्तरीय पर्यटन सुविधाओं का सृजन तथा पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में पर्यटक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 50 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया है। इसके माध्यम से 23 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

## स्वयं सहायता समूह ने बनाया आत्मनिर्भर

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन एवं वंचित वर्ग की महिलाओं के सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आज धरातल पर व्यापक एवं दूरगामी परिवर्तन ला रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाना ही नहीं, अपितु उन्हें निर्णय लेने की क्षमता, सामुदायिक नेतृत्व और सतत स्वावलंबन से युक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्रामीण अंचल के पारंपरिक सामाजिक ढांचे में महिलाओं की आर्थिक सक्रियता को बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के गठन और उनके क्षमता संवर्धन की एक सुव्यवस्थित संस्थागत प्रणाली स्थापित की गई है। इस वृहद अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों में त्रिस्तरीय सामुदायिक संस्थागत ढांचे का निर्माण किया गया है। ग्राम स्तर पर दस से पंद्रह महिलाओं को जोड़कर प्राथमिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाता है। इन प्राथमिक समूहों को संगठित कर ग्राम संगठन और न्याय पंचायत अथवा विकास खंड स्तर पर संकुल स्तरीय संघों का सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित किया गया है। यह व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं को एक ऐसा लोकतांत्रिक और संस्थागत मंच प्रदान करती है, जहां वे अपनी सामूहिक शक्ति के माध्यम से न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करती हैं, बल्कि विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी संगठित होकर कार्य करती हैं। मिशन की संपूर्ण कार्यप्रणाली पांच मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे पंचसूत्र के रूप में अंगीकार किया गया है। इसके अंतर्गत समूह की नियमित साप्ताहिक बैठकें सुनिश्चित करना, सदस्यों द्वारा अनिवार्य रूप से अल्प बचत करना, समूह के भीतर सदस्यों की आवश्यकतानुसार नियमित आंतरिक लेन-देन करना, लिए गए ऋण की समयबद्ध अदायगी सुनिश्चित करना तथा समस्त वित्तीय गतिविधियों का पारदर्शी लेखा-जोखा नियमित रूप से संधारित करना अनिवार्य किया गया है। यह पंचसूत्रीय व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय अनुशासन, पारस्परिकता और बैंकिंग प्रक्रियाओं की गहरी समझ विकसित करने में आधारशिला का कार्य करती है। समूहों के गठन और प्रारंभिक अनुशासन के सत्यापन के उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें प्रारंभिक कार्यशील पूंजी के रूप में रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात उनकी आजीविका योजनाओं को गति देने और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना हेतु सामुदायिक निवेश निधि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के साथ समूहों का सघन बैंक लिंकेज स्थापित कराया जाता है। इस वित्तीय व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को साहूकारों और अनौपचारिक ऋणदाताओं के अत्यधिक ब्याज दर वाले चंगुल से पूर्णतः मुक्ति मिली है और उन्हें अत्यंत रियायती दरों पर संस्थागत ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

जनपद अमेठी में जिला प्रशासन के सतत पर्यवेक्षण, रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रभावी अनुश्रवण के फलस्वरूप इस मिशन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशीलता प्रदान की है। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों में मिशन के कार्यों की नियमित मासिक और पाक्षिक समीक्षा की जाती है। अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय किया गया है। जनपद में महिलाओं को आजीविका के नए स्त्रोतों से जोड़ने, उनके कौशल विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जनपद अमेठी के विकास खंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भौसिंहपुर का उदाहरण इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया का सजीव प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसी ग्राम पंचायत की निवासी रेनू देवी का जीवन संघर्ष से सफलता की ओर अग्रसर होने की एक अत्यंत प्रेरक गाथा है। रेनू देवी एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखती हैं और उन्होंने आठवीं कक्षा तक की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की है। कुछ वर्ष पूर्व तक उनका परिवार अत्यधिक आर्थिक तंगी और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। परिवार के भरण-पोषण की संपूर्ण जिम्मेदारी उनके पति की अनियत मजदूरी पर टिकी हुई थी, जिससे होने वाली आय दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी अपर्याप्त सिद्ध होती थी।





# रक्षाबंधन पर ट्राई करें वी-नेक ब्लाउज



हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाओं के लिए रक्षाबंधन पर वी-नेक ब्लाउज डिजाइंस एक संतुलित और स्लिम लुक प्रदान करने का प्रभावी माध्यम हैं। यह लेख अंगरखा और जैकेट स्टाइल जैसे प्रमुख डिजाइनों का विश्लेषण करता है जो शरीर के ऊपरी हिस्से को सुडौल दिखाने में सहायक हैं। फैशन की दृष्टि से यह चुनाव न केवल आत्मविश्वास बढ़ाता है बल्कि पारंपरिक साड़ियों के साथ एक आधुनिक और परिष्कृत अपील भी सुनिश्चित करता है। त्योहारों की सीजन चल रहा है, ऐसे में रक्षाबंधन त्योहार को लेकर काफी तैयारियां चल रहीं होगी। अब राखी त्योहार पर शानदार दिखने के लिए शॉपिंग का प्लान जरुर बना रहे होंगे। लेकिन हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाएं अक्सर ब्लाउज सिलवाने में काफी झिझक महसूस करती हैं। वे हमेशा ऐसे ब्लाउज डिजाइंस में तैयार रहती हैं, जो उन्हें आरामदायक रखें और दिखने में स्टाइलिश भी लगें। यदि आपकी ब्रेस्ट लाइन काफी हैवी है और आप सही ब्लाज चुनने को लेकर परेशान चल रहे है, तो इस बार आप वी-नेक ब्लाउज डिजाइन आपके लिए सबसे सही और परफेक्ट ऑप्शन हो सकते हैं। वैसे इस तरह के ब्लाउज नेकलाइन ध्यान गले की ओर खींचकर आपकी अपर बॉडी को स्लिम दिखाते हैं। यदि आप रक्षाबंधन पर अपने पारंपरिक लुक से सबका दिल जीतना चाहती हैं, तो इस दिन साड़ी या लहंगे के साथ ये ट्रेंडी ब्लाउज चुन सकती हैं। हैवी ब्रेस्ट के लिए वी-नेक ब्लाउज के 4 लेटेस्ट डिजाइंस-आइए आपको इस लेख में बताते हैं कि हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाओं के लिए एथनिक लुक में जलवा बिखरने केलिए वी-नेक ब्लाउज के ये 4 लेटेस्ट डिजाइंस- अंगरखा स्टाइल वी-नेक ब्लाउज-रक्षाबंधन पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो अपनी साड़ी के लिए अंगरखा स्टाइल वी-नेक ब्लाउज चुन सकती हैं। हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाओं के लिए इस तरह का ब्लाउज सबसे बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इस डिजाइन में कपड़ा एक तरफ ओवरलैप होता है, जिससे ब्रेस्ट एरिया काफी ज्यादा हैवी महसूस नहीं करता। ब्रॉड वी-नेक विद थिक बॉर्डर कट- आप चाहे को ब्लाउज को सिलवा सकती है। हैवी ब्रेस्ट के लिए इस तरह के ब्लाउज डिजाइन बेस्ट होते हैं। जब ब्लाउज सिलवाएं तो कटिंग और फिटिंग का खास ध्यान रखना जरुरी है। आप ज्यादा डीप वी-नेक बनवाने के स्थान पर थोड़ा चौड़ा वी-नेक कट बनवा सकती हैं। चौड़े बॉर्डर वाला ब्रॉड वी-नेक ब्लाउज भी सबसे बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। एल्बो-लेंथ स्लीव्स के साथ डीप वी-नेक-दरअसल, हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाओं के लिए सिर्फ नेकलाइन ही नहीं बल्कि स्लीव्स की लंबाई भी बहुत ज्यादा मयाने रखती हैं। बता दें कि, सही नेकलाइन और स्लीव्स का कॉम्बिनेशन साड़ी को परेफक्ट लुक देता है। ऐसे में आप भी वी-नेक बनवा सकती हैं, तो स्लीव्स कोहनी तक ही रखें। जैकेट स्टाइल ओवरले वी-नेक ब्लाउज- फेस्टिव सीजन के लिए कुछ यूनिक और मॉर्डन लुक पाने के लिए आप जैकेट पैटर्न वाले वी-नेक ब्लाउज को भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज डिजाइन लेयरिंग हैवी ब्रेस्ट को बहुत ही खूबसूरती से कवर करते हैं और आपको स्टाइशिल लुक देते हैं। रक्षाबंधन के लिए यह ब्लाउज डिजाइन बेहद ही शानदार है। स्टाइलिंग टिप - इस तरह के ब्लाउज के साथ आप ऑर्गेजा या चंदेरी साड़ी के साथ पहनकर परफेक्ट लुक पा सकते हैं। हैवी ब्रेस्ट वाली महिलाओं के लिए वी-नेक ब्लाउज के फायदे - वी-नेक स्टाइल आपकी गर्दन को लंबा और सुडौल दिखाता है।

# बोरिंग एथनिक वियर कहें बाय-बाय



रक्षाबंधन 2026 के लिए फारसी सलवार सूट एक महत्वपूर्ण फैशन ट्रेंड के रूप में उभरा है जो पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिक सहजता का संतुलित विश्लेषण प्रस्तुत करता है। यह पहनावा त्यौहारों के दौरान शाही लुक प्रदान करने के साथ ही आरामदायक एथनिक अपील सुनिश्चित करता है। रक्षाबंधन फैशन और ट्रेंडी फारसी सूट जैसे कीवर्ड्स इस विषय की व्यापकता को दशार्ते हैं। रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आ चुका है। ऐसे में आप भी शॉपिंग करने की जरुर सोच रही होंगी। इस पर्व पर हर एक लड़की खूबसूरत एथनिक लुक पाना चाहती हैं। अगर आप इस बार भी वही पुराने बोरिंग सलवार कमीज, अनारकाली या प्लाजो सेट लेना बंद कर दें। इस बार त्योहार पर कुछ हटकर और यूनिक पहनने के लिए फारसी सलवार सूट जरुर खरीदें। यह आपको एकदम पटोला लुक देगा। इन दिनों यह काफी ट्रेंडिंग में है, इसलिए यह रक्षाबंधन पर पहनने के लिए सबसे बेस्ट हो सकता है। प्रिंटेड कॉटन फारसी सूट-रक्षाबंधन के मौके पर आप खूबसूरत प्रिंटेड कॉटन फारसी सूट को कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट राखी बांधने या पूजा-पाठ के दौरान पहनने के लिए सबसे बेस्ट होते हैं। यह दिखने में भी काफी सिंपल-सोबर और पहनने में भी काफी ढीले-ढाले होते हैं। लुक को खास बनाने के लिए आप इसके साथ ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी पहन सकती हैं। हैवी गोटा-पत्ती वर्क फारसी सलवार सेट-इन दिनों हैवी वर्क गोटा-पत्ती वाले फारसी सूट भी काफी ट्रेंड में है। यह फेस्टिवल लुक में जान डाल देंगे। इस सूट में आप बला की खूबसूरत नजर आएंगी। इसको आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या फिर बाजार से। इसके साथ मिनिमल मेकअप, एलिगेंट हेयरस्टाइल और गोल्डन ज्वेलरी पेयर कर सकती हैं। एथनिक स्ट्रेट कुर्ता और फारसी सलवार सूट सेट-राखी के त्योहार पर रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप एथनिक स्ट्रेट कुर्ता और फारसी सलवार सूट सेट वियर कर सकती हैं। साथ ही मैचिंग दुपट्टा कैरी कर सकती हैं। फारसी सलवार सूट वाले लुक में गॉर्जियस दिखने के लिए आप इसके साथ मोजड़ी या जूती पहनकर पैरों की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं। लुक को कप्लीट करने के लिए आप कुंदन-पर्ल नेकलेस वियर कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी बॉर्डर फारसी सलवार सूट-रक्षाबंधन पर डिफरेंट लुक पाने के लिए फारसी सलवार सूट के इस डिजाइन को जरुर खरीदें। यह आपको ऑनलाइन मिल जाएगा। एम्ब्रॉयडरी बॉर्डर फारसी सलवार सूट एकदम स्टाइशिल और रॉयल लुक प्रदान करते हैं। इसके साथ ही आप न्यूड मेकअप करके आप अपनी खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। बैंड कॉलर मिरर वर्क फारसी सलवार सूट-इस बार रक्षाबंधन पर एथनिक लुक को मॉर्डन टच देने के लिए इस तरह का फारसी सलवार सूट बेस्ट रहेगा। इसको आप गोल्डन एक्सेसरीज के साथ पेयर कर सकते हैं। वहीं, फेस्टिवल में आप सबसे यूनिक नजर आएंगी। वैसे भी आजकल फारसी सलवार सूट काफी ट्रेंड में है।



# स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप

स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप ट्यूटोरियल आई प्राइमर से लेकर विंग्ड आईलाइनर तक की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान करता है जो सौंदर्य निखार के लिए आवश्यक है। यह फेस्टिव लुक क्लासिक एस्थेटिक्स और आधुनिक मेकअप ट्रेंड्स के सफल एकीकरण का उदाहरण पेश करता है। रक्षाबंधन के त्योहार पर हर एक महिला सुंदर दिखाना चाहती है। एथनिक कपड़ों से लेकर मेकअप लुक एकदम परफेक्ट चाहिए होता है। साथ ही ज्वेलरी और हेयरस्टाइल का खासा ध्यान रखा जाता है। हाथों में मेहंदी लगाई जाती है। राखी के त्योहार पर मेकअप लुक पर भी ध्यान दिया जाता है। इस दिन आप स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप जरुर ट्राई करें। स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप के लिए चाहिए ये चीजें - लाइट ब्राउन या बेज आईशैडो - मीडियम ब्राउन आईशैडो- डार्क ब्राउन आईशैडो- आई प्राइमर - ब्राउन या ब्लैक आईलाइनर- मस्कारा - आईशैडो ब्लेंडिंग ब्रश- छोटा एंगल्ड ब्रश - कैसे करें स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप? - सबसे पहले आईलिड पर प्राइमर अप्लाई करें। - अब लाइट ब्राउन या बेज शेड को पूरे आईलिड पर हाथ से लगाएं। इसको अधिक डार्क करने की कोई जरुरत नहीं है। यह बाकी ब्राउन रंगों को ब्लेंड करने के लिए बेस का कार्य करेगा। - मीडियम ब्राउन आईशैडो लें और इसे आंख के क्रीज वाले हिस्से और बाहरी कोने पर लगाएं। ध्यान रहे कि शेड्स को काफी अंदर तक नहीं ले जाए। - इसके बाद ब्लेंडिंग ब्रश की मदद से धीरे-धीरे ब्लेंड करें। स्मोकी आईज के लिए सबसे जरुरी ब्लेंडिंग है। - अब डार्क ब्राउन शेड लें और इसे आंख के बाहरी कोने पर लगाएं। इसको ऊपर की तरफ लाइट शेड ही रखें। - आईशैडो अच्छे से ब्लेंड होने के बाद आईलाइनर लगाने की बारी आती है। आंख के ऊपर लैश लाइन के पास एक पतली लाइन बना लें। - अब आंखों के बाहरी कोने से लाइन को थोड़ा ऊपर की तरफ ले जाकर छोटा सा विंग बना लें। यदि आप पहली बार विंग बना रही हैं, तो पहले बहुत छोटा-सा विंग बनाएं। - इसके बाद नीचे वाली लैश लाइन पर डार्क ब्राउन आईशैडो लगाएं। ध्यान रहे कि बहुत मोटी लाइन बनाने की जरुरत नहीं है। - अब मेकअप को पूरा करने के लिए मस्कारा लगा लें। आपका स्मोकी ब्राउन विंग्ड आई मेकअप लुक रैडी है।



## शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 (पंचांग)

**सूर्योदय – 05 : 28**
**सूर्यास्त – 06 : 38**




ज्योतिषाचार्य
*आचार्य महेश चन्द्र मिश्र*

**मेष** : धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
**वृषभ** : व्यापार में परेशानियों का सामना। मेहमानों का आगमन। वाणी पर नियंत्रण रखें। धनार्जन के आसार।
**मिथुन** : आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।
**कर्क** : चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। फालतू खर्च बढ़ेंगे।
**सिंह** : शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में सावधानी रखें। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा।
**कन्या** : दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय बढ़ेगी।
**तुला** : कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।
**वृश्चिक** : चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्चों में कमी करें।
**धनु** : पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी।
**मकर** : घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी।
**कुंभ** : शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।
**मीन** : अचानक यात्रा के आसार। आमदनी में वृद्धि होगी। घर-परिवार की चिंता रहेगी। क्रोध से बचें।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)
फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com
✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

# रक्षाबंधन पर्व बाजारों में उमड़ी भीड़



रक्षाबंधन पर्व

### फतेहगंज और लाला बाजार में राखी-मिठाइयों की खरीदारी तेज

**भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर**

रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही बढौना का फतेहगंज बाजार और बेल्छा का लाला बाजार गुलजार हो गए हैं। गुरुवार को इन बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीददारों की भारी भीड़ देखी गई। भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक इस त्योहार के लिए लोग राखी, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में सजी रंग-बिरंगी राखियां, आकर्षक गिफ्ट आइटम, पूजा सामग्री और विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की दुकानें लोगों का ध्यान खींच रही हैं। बहनें अपने भाइयों के लिए सुंदर और आकर्षक राखियों का चयन करती दिखीं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी में व्यस्त रहे। दुकानदारों के अनुसार, इस वर्ष पारंपरिक राखियों के साथ-साथ स्टोन वर्क, जरी, मोती, सिल्क धागे और बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की मांग अधिक है। मिठाई की दुकानों पर ताजा लड्डू, काजू कतली, बर्फी, पेड़ा, रसगुल्ला और गुलाब जामुन जैसी मिठाइयों की बिक्री भी तेज हो गई है। व्यापारियों ने त्योहार के लिए पर्याप्त स्टॉक तैयार रखा है। खरीदारी करने पहुंचे लोगों ने बताया कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से स्थानीय व्यापारियों में भी उत्साह है और उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। शाम होते-होते दोनों बाजारों में भीड़ और बढ़ गई। दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरे बाजार में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का मानना है कि रक्षाबंधन के एक दिन पहले तक बाजारों में और अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस दौरान दीपक, ततावुर अली, दीपचंद प्रजापति, राजेश, अंशुमान, आनंद सहित कई स्थानीय नागरिक और व्यापारी उपस्थित रहे।

## जौनपुर में रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त बस सेवा

**जौनपुर ।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महिलाओं के लिए नि:शुल्क बस सेवा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यह सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सेवा 27 अगस्त की सुबह 6 बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस योजना के तहत, महिला यात्री अपने साथ एक सहयात्री को भी नि:शुल्क यात्रा करा सकेंगी। सहयात्री में पुरुष, बेटा, भाई या कोई अन्य व्यक्ति शामिल हो सकता है। यात्रा के लिए महिलाओं को 'जीरो बैलेंस' का टिकट जारी किया जाएगा। जौनपुर रोडवेज की एआरएम स्नेहलता ने बताया कि मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री के निर्देशों पर रक्षाबंधन पर्व के लिए यह विशेष योजना बनाई गई है। इसके तहत परिवहन निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में ही उपलब्ध होगी। जौनपुर डिपो से निगम की लगभग 106 बसें हैं, जिनमें से प्रतिदिन 60 बसें संचालित होती हैं। रोडवेज में चालकों की कमी के बावजूद, कुल 146 चालक और 160 परिचालक उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इन सभी बसों का संचालन किया जा रहा है। रक्षाबंधन के मद्देनजर बुधवार सुबह से ही बसों और रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

## केराकत बाजार में रक्षाबंधन की खरीदारी से भीड़



**केराकत जौनपुर।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए केराकत तहसील क्षेत्र के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदने के लिए दुकानों पर लगातार लाइन लगाए हुए हैं। माताएं और बहनें बड़ी संख्या में राखी की दुकानों पर पहुंच रही हैं। पूरे बाजार में खरीदारी के कारण गहमागहमी का माहौल है। इस भीड़भाड़ के बीच पुलिस प्रशासन भी मौके पर मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चूंकि रक्षाबंधन का त्योहार कल है, इसलिए आज केराकत के बाजारों में विशेष रूप से भीड़ देखी जा रही है। भाई-बहन के इस पवित्र पर्व के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

## पीयू में 'खेलो इंडिया संवाद' संपन्न



### युवाओं ने लिया संकल्प:पीएम मोदी ने खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

**भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'खेलो इंडिया संवाद–खेल की बात, पीएम के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना और मेरा युवा भारत, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भैया संस्थान में हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन टीवी के माध्यम से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। आज भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले कहा जाता था कि 'खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब', लेकिन अब यह सोच बदल चुकी है। आज संदेश है कि 'खेलोगे-कूदोगे बनोगे नवाब'। स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने युवाओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की खेल योजनाओं का लाभ उठाने तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग और माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं और प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी सशक्त साधन हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, धैर्य, संघर्ष और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं। इस दौरान एथलेटिक्स खिलाड़ी पूजा यादव को मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बुके, मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## कबिरुद्दीनपुर स्कूल में रक्षाबंधन पर बच्चों ने बीएसए को बांधी राखी

**जौनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कबिरुद्दीनपुर में गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर करीब 1 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) समीर के विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने बीएसए की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के स्नेह से अभिभूत बीएसए समीर ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर शिक्षा के प्रति सजग रहने, अनुशासन का पालन करने और मेहनत के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीएसए ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उनके प्रेरणादायी संबोधन से बच्चों में उत्साह नजर आया। विद्यालय परिवार ने बीएसए के आगमन को प्रेरणादायी क्षण बताया। इस दौरान विंध्यवासिनी उपाध्याय, पूर्व ईआरपी महेंद्र यादव और प्रधानाध्यापक अचल हरिमूर्ति समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्रवासियों, अभिभावकों और बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

# कारोबार/खेल

## सोनल का दूसरी पारी में भी शतक

रोमांचक मुकाबला

### भारत की उम्मीदों पर फिरा पानी, सोनल दिनुषा के शतक से श्रीलंका ने खेला ड्रॉ

**भारत एकता टाइम्स/ कोलंबो**





भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट में रोमांचक मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत के कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा कि इस मुकाबले में भले ही उनकी टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी, लेकिन अंततः टेस्ट क्रिकेट जीता। भारत ने मैच में लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा, लेकिन श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुषा ने दूसरी पारी में भी शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचा लिया। भारत ने श्रीलंका पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारतीय टीम ने करीब 150 ओवर तक फील्डिंग की, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने जबरदस्त संयम दिखाया। सोनल दिनुषा ने दूसरी पारी में भी शतक लगाकर भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। श्रीलंका ने 154 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफलता हासिल की। मेजबान टीम के लिए यह ड्रॉ किसी जीत से कम नहीं रहा। गिल ने कहा, 'हमने करीब 150 ओवर तक फील्डिंग की और वह सब किया जो हम कर सकते थे। मुझे नहीं लगता कि हम कुछ अलग कर सकते थे। मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉलोऑन जैसे फैसलों पर बात करना अब सिर्फ पीछे मुड़कर देखने वाली बात है।' उन्होंने आगे कहा, 'आप उस समय सबसे अच्छा फैसला लेते हैं और इस बार चीजें हमारे पक्ष में नहीं गईं। लेकिन यह शानदार मुकाबला था और मुझे लगता है कि आज टेस्ट क्रिकेट जीता।' शुभमन गिल ने श्रीलंका की वापसी की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टीम के लिए इस मुकाबले में कई सकारात्मक पहलू रहे। उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई टीम जिस तरह मुकाबले में वापस आई, वह देखने लायक था। गिल ने भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। भारत के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं केएल राहुल समेत भारत के युवा बल्लेबाजों ने भी अपनी छाप छोड़ी। पडिक्कल ने माना कि टीम मुकाबला जीतना चाहती थी, लेकिन ड्रॉ के बावजूद इस मैच से काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, 'अगर हम यह मैच जीतते तो बेहतर होता। यहां परिस्थितियां काफी धीमी थीं। ऐसी पिच पर बल्लेबाजी के लिए काफी स्पष्टता और योजनाओं की जरूरत होती है।' पडिक्कल ने कहा कि उनका ध्यान टीम की जीत पर है और वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करके योगदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने माना कि भारतीय टीम युवा है और खिलाड़ियों में आगे बेहतर प्रदर्शन करने की काफी भूख है।

## सोना महंगा होने से बदला गहनों का बाजार

### कम वजन में खरीदारी बढ़ी मूल्य में 40% उछाल

**भारत एकता टाइम्स/नई दिल्ली**



सोने की रिकॉर्डतोड़ कीमतों ने भारत के करीब 7 लाख करोड़ रुपये के आभूषण बाजार के बुनियादी नियमों को पूरी तरह बदल दिया है। पहली नजर में यह बड़ा विरोधाभास लगता है, लेकिन आम उपभोक्ता कम वजन का सोना खरीद रहा है, जबकि कारोबारियों की तिजोरियां रिकॉर्ड कमाई से भर रही हैं। यानी अब बाजार की वृद्धि ज्यादा ग्राम सोना बेचने से नहीं, बल्कि प्रति ग्राम अधिक वैल्यू निकालने से तय हो रही है वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2026 की पहली छमाही में देश में सोने के जेवरों की मांग वजन के लिहाज से 17.1 फीसदी गिर गई, लेकिन खर्च की गई कुल रकम 40 फीसदी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई। इस बदलाव को भांपते हुए आभूषण कारोबारियों ने हल्के वजन, कम कैरेट, स्टड डायमंड्स और पुराने सोने की रीसाइक्लिंग को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। ब्रांडेड जूलरी पर बढ़ रहा भरोसा : जीएसटी, अनिवार्य हॉलमार्किंग और पैन कार्ड नियमों ने असंगठित सुनारों के पारंपरिक बाजार को झटका दिया है। केयरएज के निदेशक अखिल गोयल के मुताबिक, पहले ग्राहक अपने खानदानी सुनार के व्यक्तिगत संबंध पर भरोसा करते थे। लेकिन अब संगठित ब्रांड्स ने इसकी जगह मानकीकृत शुद्धता, पारदर्शी बिलिंग, आसान बायबैक व डिजिटल डिस्कवरी का ऐसा मजबूत ढांचा खड़ा किया है, जो टियर-2 व टियर-3 शहरों में भी तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सोने की रिकॉर्ड कीमतों के कारण खरीदारों का व्यवहार और बाजार का ढांचा तेजी से बदल रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, साल 2026 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में देश में सोने के जेवरों की मांग वजन के लिहाज से 15.4 फीसदी गिरकर 75.1 टन रह गई, लेकिन इसी अवधि में खर्च की गई कुल रकम 34.4 फीसदी के उछाल के साथ 1.13 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वहीं, पूरे 2026 की पहली छमाही की बात करें तो सोने की मांग वजन में 17.1 फीसदी घटी, जबकि कुल खरीदारी की वैल्यू 40 फीसदी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये दर्ज की गई, जो यह साबित करता है कि उपभोक्ता अब बजट तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन वजन कम खरीद रहे हैं। इस बदलाव का सीधा फायदा संगठित और बड़े ब्रांड्स को मिला है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में टाइटन की जूलरी आय में 43 फीसदी की वृद्धि हुई, जिसमें तनिष्क और कैरेटलेन में खरीदारों की संख्या दोहरे अंकों में बढ़ी। इसी तरह कल्याण ज्वैलर्स का समेकित राजस्व 46 फीसदी बढ़कर 10,589 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिसमें कुल बिक्री का 55 फीसदी से अधिक हिस्सा पुराने सोने की रीसाइक्लिंग से आया। खुदरा बाजार में भी बड़ा बदलाव आया है। सीबीआरई के आंकड़ों के अनुसार, कुल संगठित रिटेल लीजिंग में ज्वैलरी सेक्टर की हिस्सेदारी 2019 के मात्र 2 फीसदी से बढ़कर 2025-26 में 8 फीसदी हो गई है। 8,000 वर्ग फुट से बड़े एक्सपीरियंस सेंटर्स और मेगा शोरूम का दबदबा 50 फीसदी तक पहुंच चुका है।

## मुचोवा और मेंसिक ने जीता यूएस ओपन मिश्रित युगल का खिताब

यूएस ओपन

### फाइनल में बेनसिच-कोबोली की जोड़ी को हराया

**भारत एकता टाइम्स/ न्यूयॉर्क**



कैरोलिना मुचोवा और याकुब मेंसिक ने बेलिंडा बेनसिच और फ्लावियो कोबोली को 6-3, 1-6, 10-6 से हराकर यूएस ओपन टेनिस टूनामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की जोड़ी ने दो दिन की इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों मुकाबले मैच टाईब्रेक में जीते। मेंसिक की तेज सर्विस और नेट पर शानदार खेल ने इस जोड़ी की जीत में अहम भूमिका निभाई। मेंसिक ने ऐस के साथ फाइनल का अंत किया। इस जोड़ी को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। सेमीफाइनल में भी मुचोवा और मेंसिक हार के करीब पहुंच गए थे लेकिन दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद उन्होंने लगातार चार अंक जीतकर मीरा आंद्रीवा और आंद्रे रुबलेव को 5-4, 3-5, 11-9 से शिकस्त दी। फाइनल टूनार्मेंट का एकमात्र मुकाबला था जो सामान्य टेनिस मैच जैसा खेला गया। इसमें सेट छह गेम के थे और छह-छह की बराबरी पर टाईब्रेक हुआ। शुरूआती तीन दौर में सेट चार गेम के थे और चार-चार की बराबरी पर टाईब्रेक खेला गया था। बेनसिच और कोबोली ने पहले सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स की पति-पत्नी की जोड़ी को 4-5, 4-1, 10-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अन्वय-आर्यवीर को मिला मौका

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेट क्रमशः अन्वय और आर्यवीर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 सितंबर से होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने तीन वनडे और दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए अलग-अलग टीम का चयन किया है। लक्ष्य रायचंदानी वनडे टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि यशवर्धन सिंह चौहान को लंबे प्रारूप के मुकाबलों के लिए कप्तान बनाया गया है। अन्वय और आर्यवीर दोनों को केवल वनडे टीम में जगह मिली है। दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे 18 वर्षीय आर्यवीर को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वहीं भारत के पूर्व कप्तान और कोच द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय ने वनडे टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। वह पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर गई अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय ने उस दौरे पर खेले गए दो युवा एकदिवसीय मैच में 14 और 87 रन बनाए थे। तीनों वनडे और पहला बहुदिवसीय मैच राजकोट में खेला जाएगा, जबकि दूसरा बहुदिवसीय मुकाबला अहमदाबाद में होगा। अन्वय ने जुलाई में श्रीलंका दौरे पर भारत की अंडर-19 टीम के लिए दो 50 ओवर के मैचों में 101 रन बनाए।

## एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 539 अंक लुढ़का, निफ्टी भी कमजोर



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को वीकली एक्सपायरी के दिन भारी गिरावट दर्ज की गई। सुबह की शुरूआती बढ़त पूरी तरह खत्म हो गई और बाजार लाल निशान में बंद हुआ। यह गिरावट सत्र के अंतिम घंटों में देखने को मिली। सेंसेक्स 539 अंक या 0.7 फीसदी गिरकर 76,934 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 117 अंक या 0.48 फीसदी की हानि के साथ 24,091 से नीचे आ गया। दोनों प्रमुख सूचकांकों ने सुबह की सारी बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स में गिरावट निफ्टी की तुलना में अधिक तेज थी। यह गिरावट क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (उअर) की शुरूआत के बाद पहली मासिक एक्सपायरी के दिन हुई। बाजार बंद होने के समय सेंसेक्स 76,933.59 और निफ्टी 24,090.85 पर थे। हिन्दालको के शेयर में 3 फीसदी की बड़ी गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी 2 फीसदी नीचे बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। टोक्यो समय के अनुसार दोपहर 2:07 बजे तक एस एंड पी 500 फ्यूचर्स में 0.3 फीसदी की वृद्धि हुई। जापान का निक्केई 225 फ्यूचर्स 0.3 फीसदी नीचे रहा। जापान का टॉपिक्स 0.1 फीसदी ऊपर बंद हुआ। ऑस्ट्रेलिया का एस एंड पी/एएसएक्स 200 सूचकांक 1.1 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.5 फीसदी की हानि के साथ बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट में 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यूरो स्टॉक्स 50 फ्यूचर्स में 0.4 फीसदी की वृद्धि देखी गई। दुनिया भर के प्रमुख बाजारों में अलग-अलग रुझान देखने को मिले।

## घोड़ा बीमारी के कारण पायरोप्लाजमोसिस टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों से पहले भारतीय घुड़सवारी टीम मुश्किल में फंस गई है। एशियाई खेलों के दल में शामिल घुड़सवार आहान कुमार का घोड़ा इटली में अनिवार्य बीमारी के टेस्ट में फेल हो गया है। पायरोप्लाजमोसिस नाम के इस टेस्ट में फेल होने पर आहान का घोड़ा एशियाई खेलों में शिरकत नहीं कर सकता है जिसके चलते आहान के एशियाड में खेलने पर तलवार लटक गई है। भारतीय घुड़सवार इस वक्त एशियाई खेलों के लिए यूरोपी में तैयारियां कर रहे हैं। चार से 14 सितंबर आठ सदस्यीय भारतीय टीम को आखन (जर्मनी) में एकत्र होना है। यहां भारतीय दल के घोड़े कोरेंटाइन में भेजे जाएंगे। कोरेंटाइन से पहले आहान के घोड़े का फिर से पायरोप्लाजमोसिस टेस्ट होगा। इस बार भी टेस्ट में फेल होने पर यह तय हो जाएगा कि आहान एशियाई खेलों में शिरकत नहीं कर पाएंगे। हांगझोउ एशियाड में भारत ने ड्रेसाज का स्वर्ण जीता था।

## भारत के दौरे की वजह से न्यूजीलैंड में टिकटों की रिकॉर्ड मांग, अब तक बिके हजारों टिकट

**भारत एकता टाइम्स/ वेलिंगटन**





न्यूजीलैंड क्रिकेट के इंटरनेशनल समर क्रिकेट ने रिकॉर्ड तोड़ शुरूआत की है। क्रिकेट नेशन मेंबर्स की प्री-सेल के पहले 48 घंटों के अंदर 26,000 टिकट बिक गए। टिकटों की जबरदस्त मांग भारत दौरे की वजह से है। भारतीय टीम अक्तूबर में मल्टी प्रारूप सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इस दौरे पर 12 मैच खेले जाने हैं। ऑकलैंड के ईडन पार्क में सीमित ओवर का मैच शुरूआती बिक्री में सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा हैं। क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में भी टिकटों की जबरदस्त मांग देखी गई है। 9,000 की क्षमता वाले इस वेन्यू पर 22 और 24 अक्तूबर को होने वाले शुरूआती दो टी20 के साथ-साथ 27 नवंबर से एक दिसंबर तक होने वाले टूर के दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए भी टिकट बिक जाने की उम्मीद है। वेलिंगटन में भी टिकटों की बिक्री जोरों पर है। यहां तीसरा टी20 और दूसरा वनडे खेला जाना है। पहला टेस्ट जो 19 नवंबर से शुरू होगा, बेसिन रिजर्व में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के चीफ मार्केटिंग और कमर्शियल ऑफिसर ग्लेन क्रिचली ने कहा कि शुरूआती रिस्पॉन्स भारत के दौरे को लेकर उत्साह दिखाता है। शुरू से ही फैन्स के लिए हमारा संदेश यही रहा है कि वे कुछ भी मिस न करने के लिए तैयार रहें। पहले दो दिनों में टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री से यह साबित होता है कि बहुतों ने हमारी बात सुनी है। न्यूजीलैंड के लोगों के लिए यह एक बहुत कम मिलने वाला मौका है कि वे भारत से जुड़े क्रिकेट के खेल का जबरदस्त मजा लें और दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट स्टार को खेलते हुए देखें। उन्होंने कहा, हमने जानबूझकर टिकट की कीमतें पिछले सीजन जितनी ही रखी हैं, और हमारे क्रिकेट नेशन एक्सेस कोड का इस्तेमाल करके एक टिकट 30 डॉलर से कम में मिल रहा है। हमें खुशी है कि फैंस अपनी सीट पक्की करने के लिए जल्दी आ रहे हैं और जनरल पब्लिक सेल में अभी 11 दिन बाकी हैं। हमारा संदेश यही है कि मौका न चूकें।

दिनांक 27-08-2026 का विज्ञापन सं. इसरो.: आई.सी.आर.बी.:03(ई.एम.सी):2026

इसरो isro

अंतरिक्ष विभाग ,भारत सरकार
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन] इसरो[
इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड [आई. सी. आर. बी]

इलेक्ट्रॉनिकी, यांत्रिकी एवं कंप्यूटर विज्ञान में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष डिग्री वाले वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती

इसरो के संघटक केंद्रों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (समूह 'क' राजपत्रित पद) तथा अं.वि. के तहत स्वायत्त निकाय (पी.आर.एल.) में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (समूह 'क' अराजपत्रित पद) की निम्नलिखित रिक्तियों हेतु प्रतिभावान स्नातकों से निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पद कोड संख्या | पद का नाम | रिक्तियों की संभावित संख्या |
|---|---|---|
| बी.ई 001 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (इलेक्ट्रॉनिकी) | 99 [78 +21 -पी.डब्ल्यू.बी.डी ] |
| बी.ई 002 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (यांत्रिक) | 52 [36 + 16-पी.डब्ल्यू.बी] |
| बी.ई 003 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (कंप्यूटर विज्ञान) | 21 [18+05 -पी.डब्ल्यू.बी] |
| बी.ई 001A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (इलेक्ट्रॉनिकी)-पी.आर.एल. | 01 |
| बी.ई 002A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (यांत्रिक)-पी.आर.एल. | 01 |
| बी.ई 003A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (कंप्यूटर विज्ञान) - पी.आर.एल. | 01 |

2. अधिक जानकारी और आवेदन करने के लिए कृपया इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in देखें। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 16-09-2026 है।

CBC 49101/11/0009/2627

# समूह की महिलाओं के हाथों मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**हरित खाद से स्वच्छता, आजीविका और टिकाऊ खेती की ओर बढ़ता आजमगढ़**



**भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़**

भाजपा सरकार की सफलता उसकी नीयत, नीति और उससे निकलने वाले परिणामों से आंकी जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्वांचल के गांवों में हो रहा सकारात्मक बदलाव इसी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। महिलाएं अब केवल परिवार की आर्थिक गतिविधियों में सहयोगी की भूमिका तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि, पशुपालन, प्रसंस्करण, विपणन और अन्य आजीविका गतिविधियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। जनपद आजमगढ़ में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के सतत मार्गदर्शन, निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विगत तीन माह में सोशल मोबिलाइजेशन अभियान चलाकर लगभग 6,000 नए स्वयं सहायता समूहों का गठन कर एक लाख महिलाओं को समूहों से जोड़ा गया है, जिसके फलस्वरूप आजमगढ़ प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। जिलाधिकारी ने बताया कि आजीविका मिशन का मूल उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को संगठित कर मजबूत एवं स्थायी संस्थाएं तैयार करना तथा उन्हें विभिन्न आजीविका अवसरों से जोड़कर गरीबी को कम करना है। ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर सामान्यतः कम से कम 10 सदस्यों का समूह गठित किया जाता है। समूह गठन के बाद सदस्यों को आर्थिक गतिविधियों के लिए विभिन्न चरणों में वित्तीय सहायता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। समूह गठन के बाद समूह स्टार्टअप फण्ड के रूप में 2500 रू0, समूह गठन के तीन माह के बाद रिवाल्विंग फंड के रूप में 30 हजार रू0, समूह गठन के 6 माह पश्चात कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड 1.5 लाख रू0 की धनराशि, कृषि आजीविका कार्य हेतु लाइवलीहुड फंड के रूप में 2 लाख रू0 की धनराशि प्रदान की जाती है। समूहों को 6 माह बाद वित्तीय समावेशन बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज कराकर प्रथम डोज के रूप में 1.5 लाख रू0 की धनराशि समूहों को ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विकास खंड सठियांव की ग्राम पंचायत कस्बा सराय में माँ परम ज्योति स्वयं सहायता समूह द्वारा कृषि एवं पशु अपशिष्ट से बेहतर उपयोग करते हुए हरित खाद तैयार करने की अभिनव पहल की जा रही है।

## तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटी 14 वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत

**भारत एकता टाइम्स/मुबारकपुर,आजमगढ़**

मुबारकपुर-सठियांव मुख्य मार्ग पर सबा कान्वेंट स्कूल के सामने गुरुवार दोपहर करीब दो बजे तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार 14 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा और चालक को कब्जे में ले लिया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के पुरारानी मोहल्ला निवासी खदीजा (14) पुत्री इरफान अहमद अपनी सहेलियों के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर घर से मिल्लतनगर स्थित अपनी सहेली के घर जा रही थी। जैसे ही ई-रिक्शा सबा कान्वेंट स्कूल के सामने पहुंचा, वह अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा तेज गति से जा रहा था। हादसे में खदीजा गंभीर रूप से सड़क पर जा गिरी। आसपास के लोगों ने उसे उठाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ई-रिक्शा में सवार अन्य छात्राएं बाल-बाल बच गईं। परिजनों के अनुसार खदीजा अंसार गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा आठ की छात्रा थी। वह पांच बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर की थी। उसके पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में विदेश में रहते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि चंद चौधरी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। ई-रिक्शा और चालक को कब्जे में लेकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### रक्षाबन्धन पर महिलाओं पर योगी सरकार मेहरबान

**नगरा,बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फरमान के बाद बलिया रोडवेज विभाग हरकत में आ गया है। रक्षाबन्धन पर्व पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा का उपहार दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुसार, 27, 28 और 29 अगस्त को महिलाएं राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इसके अतिरिक्त, 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को अब आजीवन निःशुल्क बस सेवा का लाभमिलेगा। यह सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में पूरे राज्य में लागू होगी। यात्रा के लिए महिलाओं को अपना आधार कार्ड या वोटर आईडी दिखाना अनिवार्य होगा। इस पहल का उद्देश्य त्योहार के दौरान महिलाओं की यात्रा को सुगम बनाना और वरिष्ठ महिलाओं को स्थायी राहत प्रदान करना है।

## वीएसडी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने रौनापार थाने में मनाया रक्षाबंधन

**भारत एकता टाइम्स/रौनापार,आजमगढ़**



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर वीएसडी इंटरनेशनल स्कूल, रौनापार की छात्राओं ने एक अनूठी एवं भावनात्मक पहल करते हुए रौनापार थाना पहुंचकर थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे एवं समस्त पुलिस स्टाफ को राखी बांधी और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया तथा समाज की सुरक्षा में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका को समझा। इस अवसर पर छात्राओं ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। त्योहारों के दौरान भी जब अधिकांश लोग अपने परिवार के साथ समय बिताते हैं, तब पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहकर समाज की रक्षा करते हैं। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके प्रति भाई-बहन के स्नेह और विश्वास की भावना प्रकट की। थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों ने छात्राओं की इस पहल की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक भी है। छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों को राखी बांधना समाज और पुलिस के बीच विश्वास एवं आत्मीयता को मजबूत करने वाला सराहनीय कदम है। विद्यालय की ओर से बताया गया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदना, अनुशासन, सम्मान एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान थाना परिसर में सौहार्द और अपनत्व का वातावरण देखने को मिला।

## खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं नशे से दूर रखने का प्रभावी माध्यम : नीरज शेखर

**भारत एकता टाइम्स/बलिया**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आज जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया तथा किसान पी.जी. कॉलेज, रतसर में ॡखेलो इंडिया संवादॣ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया तथा मेरा युवा भारत, बलिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य कार्यक्रम जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, बलिया रवि कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार सिंह, डॉ. संजीव सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के 1600 से अधिक महाविद्यालयों से जुड़े 10 लाख से अधिक युवाओं को संबोधित करते हुए विगत वर्षों में खेल के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ॡस्क्रीन टू स्पोर्ट्सॣ तथा ॡप्ले स्टेशन टू प्ले ग्राउंडॣ जैसे संदेशों के माध्यम से युवाओं से डिजिटल स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को कम कर खेल के मैदान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारत की खेल क्षमता को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करने के लिए 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स तथा 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं से खेल को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, अनुशासित एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने युवाओं से संवाद करते हुए खेलों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रहने से व्यक्ति स्वस्थ जीवनशैली अपना सकता है तथा रक्तचाप और मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है। उन्होंने युवाओं से खेल को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ल ने युवाओं को विश्वविद्यालय परिसर में खेलों से संबंधित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं निर्माण की जानकारी दी।

## भाजपा नेता एवं सभासद सुजीत जायसवाल आशु ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**भारत एकता टाइम्स/माहुल,आजमगढ़**



फूलपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत माहुल निवासी शासन द्वारा नामित सभासद एवं भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आशु ने अपना 30वां जन्मदिन पौधरोपण कर मनाया। उन्होंने अतरडीहा गांव स्थित मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सुजीत जायसवाल ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इनके बिना स्वच्छ हवा और संतुलित पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ सहित अन्य विशेष अवसरों पर पौधरोपण करने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का अभियान न होकर निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण तैयार किया जा सकता है। जन्मदिन के अवसर पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आशुतोष पांडेय, अतुल मोदनवाल, सत्यनारायण पांडेय, जितेंद्र पांडेय, अविरल शुक्ला, राज पांडेय, आयुष प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज

**बलिया।** माननीय मुख्यमंत्री जी के 29 अगस्त को प्रस्तावित जनपद दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील बांसडीह अंतर्गत ग्राम गलाफरपुर स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मुख्यमंत्री जी के स्वागत, कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं तथा हैलीपेड निर्माण की तैयारियों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने मौके पर चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करते हुए उनकी प्रगति भी देखी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### माहुल में जलखाता और सड़क की जमीन की हुई मापी

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगरपंचायत के वार्ड न एक संत कबीर नगर और वॉर्ड न आठ अब्दुल कलाम नगर में स्थित सड़क और जल खाते की जमीन की गुरुवार को राजस्व टीम ने मापी किया।मापी में उक्त दोनों सरकारी जमीनों में 20 लोगों का अवैध कब्जा पाया गया। नगर पंचायत माहुल के वार्ड न आठ अब्दुल कलाम नगर निवासी जरीर अहमद ने वार्ड न एक और वार्ड न आठ में सड़क और जल खाते की भूमि की मापी कर अवैध कब्जा हटवाने की मांग उपजिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार से किया था।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ राय के नेतृत्व में पांच लेखपालों की टीम को मापी के लिए निर्देशित किया।उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने वार्ड न एक स्थित सड़क के रकबे की मापी किया जिसमें 10 लोगों के मकान उक्त भूमि में पाए गए।उसके बाद राजस्व टीम ने वार्ड न आठ स्थित पोखरी(जल खाते)की भूमि की मापी किया।जल खाते की भूमि में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सलमान कुरैशी और उनके परिवार सहित एक दर्जन से अधिक लोगों का अवैध कब्जा पाया गया।मापी में सरकारी भूमि में पाए जाने पर निर्माणाधीन मुन्ना कुरैशी के मकान को लोकपाल द्वारा माहुल चौकी की पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर रुकवा दिया। इस संबंध में लेखपाल सौरभ राय का कहना है कि शिकायती पत्र के आधार पर उपजिलाधिकारी के आदेश के क्रम में उक्त दोनों सरकारी भूमि की मापी कर अवैध कब्जाधारकों को चिन्हित करने की कार्यवाही की जा रही।जल्दी ही मापी की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाएगी।

### 70 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान




**आजमगढ़ ।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट (निफा) और नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) आजमगढ़ द्वारा शिक्षक स्व.श्री धर्मदेव सिंह की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षक पिता के दोनों पुत्रों समेत कुल 70 लोगों ने रक्तदान किया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों ने स्व.श्री धर्मदेव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिविर के को-ऑर्डिनेटर डॉ.डी.डी. सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे लोग है, जिनको अभी भी रक्तदान करने से डर लगता है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें जागरूक करें। हम लोगों की यह भावना जन-जन तक पहुंचनी चाहिए कि रक्तदान महादान है, इससे लाखों लोगों की जिंदगी बच सकती है। इस बार के शिविर के बारे में डॉ. सिंह ने कहा कि यह रक्तदान शिविर पूज्य पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर लगाया गया है। पिताजी की इच्छा थी कि कोई भी मरीज खून के अभाव में न दम तोड़ दे। इसीलिए उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे समाज के कुछ लोगों की मदद हो सकेगी। निफा अध्यक्ष डॉ. अजीम अहमद ने कहा कि हर तीन माह में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इससे आपके शरीर में आयरन की मात्रा ठीक बनी रहती है, जिसके कारण दिल संबंधी बीमारियां नहीं होती है। अगर आप रक्तदान करेंगे तो आपके शरीर में खून के नए कण बनेंगे, जिससे आपका स्वास्थ्य सही रहेगा। रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर सामान्य और कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम रहता है। नियमित रुप से रक्तदान करने से कैलोरी और फैट जल्दी बर्न होता है, जिससे मोटापा भी नहीं होता। नीमा कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष चौबे ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया और कहा कि भविष्य में भी हमारा संगठन इस तरह के आयोजन करता रहेगा। रक्तदान शिविर में निफा और नीमा आजमगढ़ के चिकित्सकों के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. डी.डी. सिंह, डॉ. मुरलीधर सिंह, शिवानंद पाण्डेय, डॉ. रविन्द्र यादव, डॉ. अजीम अहमद, डॉ मनीष चौबे, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, गौरव मयंक गुप्ता, मिर्जा तकी बेग, अमान हसन, अब्दुर्रहमान, हर्ष कुमार, फरहान जाकी, जगत वर्मा, संजय यादव, धर्मशील, डॉ. अभिषेक यादव, दीपक यादव आदि लोगों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. उमेश पांडेय, डॉ. अबुल बशर, ब्लड बैंक के डॉ. अनिल कुमार, सुबाष चंद पाण्डेय, डॉली पाण्डेय सहित सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### शिक्षिकाओं ने पुलिस की नौजवान भाइयों की कलाई में बाँधी राखी

**(लालगंज) आजमगढ़।** एकल विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय लालगंज तथा पुलिस चौकी लालगंज पहुंच कर कार्यरत पुलिस के नौजवान भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखमय, समृद्धि मय एवं दीघार्यु जीवन की शुभकामनाएं ब्यक्त किया। महिला शिक्षकों में कुसुम,रिंकू, नीरू, सरिता, अनीता, मंजू नगीना आदि मुख्य थीं। आजमगढ़ जिले में कुल एक सौ अस्सी एकल विद्यालय हैं। जिसमें कुल एक सौ अस्सी महिला शिक्षिकाएं बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का काम करती है। पवित्र रक्षाबंधन के अवसर पर पुलिस विभाग तथा सेना में कार्यरत भाई जो देश सेवा के कार्य में लगे होने के कारण अपने घर नहीं जा पाते हैं , उनकी कलाई सूनी न रहे इसलिए एकल विद्यालय की शिक्षिकाएं उन्हें रक्षा सूत्र बांधने का कार्य करती हैं।इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, त्रिपुरेश पाठक, अमन तिवारी,मन्टू कुमार,प्रधान राम चन्द्र राम तथा सीओ लालगंज कार्यालय के पुलिस कर्मी आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। रक्षाबंधन कार्यक्रम के पश्चात एकल विद्यालय की शिक्षिकाओं तथा भाग के अधिकारियों की एक बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज पर संपन्न हुई। जिसमें एकल विद्यालयों की व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श हुआ। बैठक के मुख्य वक्ता कुबेर नाथ पांडेय ने कहा कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना है जो समता मूलक हो तथा धार्मिक विरासत को जीवंत रखें।

### रक्षा व सेवा के प्रहरी भाइयों की कलाइयों पर सजा स्नेह का धागा

**रसड़ा (बलिया)।** रसड़ा क्षेत्र के भारतीय संस्कृति के प्रेरणा के विद्या का मंदिर, नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर, अखनपुरा रसड़ा, बलिया की छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक सरोकार, संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ते हुए समाज की सुरक्षा एवं सेवा में समर्पित पुलिसकर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महिला पुलिस पदाधिकारियों, पत्रकारों एवं सैनिकों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय की छात्राओं ने रसड़ा कोतवाली के कोतवाल सुशील कुमार, सीओ रसड़ा रजनीश कुमार, तहसीलदार रसड़ा, आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल, महिला थाना की पदाधिकारियों सहित पुलिसकर्मियों, पत्रकारों एवं सैनिकों को राखी बांधी। छात्राओं में न्यासा कुशवाहा, आस्था यादव, श्रेया सिंह, आराध्या सैनी, आयुषी, रिया, लक्ष्मी, पूजा, अंशिका आदि शामिल रहीं। छात्राओं के साथ विद्यालय के आचार्य रणजीत कुमार सिंह एवं आचार्या रीता सिंह भी उपस्थित रहे। राखी बांधते हुए बहनों ने कहा कि ॡआप समाज की रक्षा करते हैं, लोगों की सुरक्षा के लिए दिन-रात तत्पर रहते हैं और समाज की सेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं। इसलिए आज हम आपको राखी बांधकर भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारी सुरक्षा और सुख-शांति के लिए आपका समर्पण हमारे लिए विश्वास और गर्व का विषय है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जिसमें केवल रक्षा का वचन ही नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास, कर्तव्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना निहित है। समाज की रक्षा और व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी, सैनिक तथा समाज को जागरूक करने वाले पत्रकार अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI

Advt. No. R&P/321/2026 Dated: 31.07.2026

Online applications are invited in the prescribed Application Form from eligible candidates for appointment to the post of **Associate Professor** in the Academic Pay Level-13A of the 7th Central Pay Commission Pay Matrix, in the Departments of **Chemistry, Environmental Studies, Genetics, Geology, Hindi, Linguistics, Operational Research, Philosophy, Zoology**, University of Delhi. The last date for receipt of applications is two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News. For more details, please visit the University website www.du.ac.in and click "Jobs and Opportunities" under the Head "Work with DU".

**Any addendum/corrigendum shall be posted only on the University website.**

CBC 21231/11/0013/2627 REGISTRAR


## पृष्ठ 1 का शेष



**नेपाल में मंडराया नया...**

और खराब हो सकती है। चीनी अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। बाढ़ के संभावित रास्तों का वास्तविक समय में अनुमान लगाने के लिए कंप्यूटर आधारित बाढ़ मॉडल चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य बचाव दलों को समय पर जानकारी देना और नीचे की ओर आने वाली किसी नई बाढ़ के खतरे को कम करना है। कठिन पहाड़ी इलाका और लगातार बारिश बचाव अभियान को और मुश्किल बना रही है। उधर नेपाल में बुधवार को आई भीषण बाढ़ के बाद अब तक 359 शव बरामद किए जा चुके हैं। गुरुवार शाम 5 बजे तक चितवन जिले में सबसे ज्यादा 132 शव मिले हैं। करीब 1,500 लोगों की तलाश जारी है। इनमें 288 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। वहीं, 21 भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया है, जिनमें से 11 की पहचान हो चुकी है। इसी बीच प्रशासन ने भोटेकोशी नदी में फिर बाढ़ के खतरे का अलर्ट जारी किया है। चीन से मिली सैटेलाइट तस्वीरों में बाढ़ वाली जगह पर नदी का पानी रुकने से एक झील बनने की जानकारी मिली है। झील में पानी बढ़ रहा है और इसके टूटने का खतरा भी बना हुआ है।

**परिसीमन बिल पर विशेष सत्र...**

की तुलना में संसद में एनडीए की स्थिति मजबूत हुई है। सबसे पहले पंजाब से आने वाले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के सात सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद लोकसभा के 20 सांसदों ने अपना अलग गुट बना लिया। सरकार को डीएमके और शरद पवार की पार्टी से भी इस मुद्दे समर्थन मिलने की उम्मीद है।

**न्यूयॉर्क में मोहन भागवत का...**

रद्द कराने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, फाउंडेशन की एडवाइजरी में किसी आतंकी या हिंसक खतरे की पुष्टि नहीं की गई है।

**गडकरी और अश्विनी वैष्णव...**

लागत 33.7 लाख करोड़ थी, जो जुलाई 2026 तक बढ़ कर 37.11 लाख करोड़ हो चुकी है। 3.41 लाख करोड़ रुपये ज्यादा!अगर इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने में और देरी हुई तो यह लागत और बढ़ सकती है। इनमें से 735 मेगा प्रोजेक्ट (1000 करोड़ से ऊपर) की श्रेणी में आते हैं। सरकारी प्रेस रिलीज में दी गई जानकारी के मुताबिक 1755 में से 9.62 लाख करोड़ के 993 प्रोजेक्ट्स अकेले सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के हैं। यह मंत्रालय 2014 से लगातार नितिन गडकरी के पास है। दूसरे नंबर पर रेल मंत्रालय है, जिसके मंत्री अश्विनी वैष्णव हैं। वह 2021 से रेल मंत्री हैं। रेल मंत्रालय 6.38 लाख करोड़ के 190 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 1755 में से केवल 675 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिनका 81 से 100 फीसदी काम पूरा हो सका है। प्रोजेक्ट में देरी और इसकी वजह से लागत का बढ़ना आम समस्या बन चुकी है। यह समस्या नई भी नहीं है। फिर भी इसका समाधान नहीं हो पा रहा है।

**ओलंपिक खेलों में भागीदारी...**

आगे बढ़ना होगा। लंबी समुद्री तटरेखा के बावजूद सर्फिंग में भारत अभी पीछे है।

**कानपुर में विमान हादसा, ट्रेनी...**

यह विमान नत्थूपुरवा गांव के बाहरी इलाके में खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में मौजूद इंस्ट्रक्टर सचिन भाटिया निवासी गुजरात और ट्रेनी पायलट अभिषेक पुजारी निवासी कर्नाटक की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुए इस जोरदार धमाके और हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए आवश्यक राहत और बचाव कार्य पूरा किया।

**यूपी में दुनिया की सबसे बड़ी...**

विदेशी प्रतिनिधिमंडल मुझसे पूछते हैं कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ से अधिक है, आपके सामने बड़ी चुनौती होगी। मैं उनसे कहता हूं कि जितनी बड़ी चुनौती, उतनी ही बड़ी संभावना है। यूपी की जिस आबादी को लोग चुनौती कहते हैं, हम उसे डेमोग्रॉफिक डेविडेंड मानते हैं।

**हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के...**

भाई ने दावा किया कि अदालत ने 2022 में इसी तरह का एक निर्देश दिया था जिसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, छह साल बीत चुके हैं, लेकिन हमारे लिए कोई बदलाव नहीं आया। केवल हम लोग ही जानते हैं कि कैसे हम सीआरपीएफ सुरक्षा में चारदीवारी के भीतर रह रहे हैं।

**एमनेस्टी की जांच में युवाओं पर घातक...**

का सत्यापन किया है और पुष्टि की है कि दिल्ली और बिहार के सीवान में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन, आंसू गैस, ग्रेनेड, लाठियां और बिजली का झटका देने वाले उपकरणों जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया। के खिलाफ अनावश्यक या अत्यधिक बल का इस्तेमाल कर आंदोलन को कुचलने की कोशिश की। यह कठोर कार्रवाई राज्य द्वारा स्वीकृत हिंसा थी, जिसे भीड़ नियंत्रण के नाम पर छिपाया गया। एक महीने बाद भी सजा न मिलना इसका सबूत है।

**पैक्ड फूड पर केंद्र को...**

सरकार खुद इस उपाय को लागू करती है तो "बहुत अच्छा है", वरना वह आगे के निर्देश जारी करेगी।



### मानवीय संवेदनाओं में संबल की सर्वश्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन कर रही एन एस सीटी



**रसड़ा (बलिया)।** आम नागरिकों, कर्मचारियों, संविदाकर्मियों सहित सभी जनमानस के सामाजिक एवं आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था संस्था नेशनल सेल्फ केयर टीम (एनएससीटी) ने अपने निष्ठावान एवं मानवीय संवेदनाओं को संबल प्रदान वाले सदस्यों के बल-बूते अपने सातवें सहयोग में एक बार फिर एनएसएसटी ने मानवीय संवेदनाओं में संबल की सर्वश्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन करते हुए संस्थान के सदस्य प्रयागराज के प्रीति कुशवाहा के दिवंगत होने पर उनके नामिनी शुभम कुशवाहा को मात्र 50-50 रुपए के सहयोग से उनके खाते में 14 लाख 33 हजार भेजकर अपना ही पिछला रिकार्ड को तोड़ दिया है। इस मानवीय सहयोग में बलिया जनपद के 1104 सदस्यों ने भी अपनी सहभगिता का निर्हवन किया है। बुधवार को यह जानकारी देते हुए बागी बलिया जनपद के जिलाध्यक्ष उमेश राम कन्नौजिया ने बताया कि एनएससीटी के संस्थापक वरिष्ठ शिक्षक विवेकानंद, सह संस्थापक सुदेश पांडेय, संजीव रजक, संस्थापक मंडल के बबीता वर्मा, संगठन मंत्री अंकिता शुक्ला, डॉ फारूक, प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, प्रांतीय सचिव सन्नी सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष वेद निमेष सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देशन में प्रदेश के सभी जनपदों के पदाधिकारियों ने निष्ठापूर्वक इस सातवें सहयोग में अपना अमूल्य योगदान देकर व दिलाकर यह उपलब्धि हासिल की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरे प्रदेश में लगभग एनएससीटी के कुल 55909 पंजीकृत सदस्य हैं। उन्होंने एनएससीटी बलिया के जिलामंत्री महिमा पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला आईटी सेल प्रभारी सबीहा नूर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रानी पांडेय, जिला मंत्री उत्तम कुमार, जिला प्रवक्ता अमृत कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार प्रति कृतज्ञयता व्यक्त की है।

# दो मासूम भाइयों की मौत से सनसनी

संदिग्ध मौत

**हत्या करने के बाद मां ने भी किया आत्महत्या का प्रयास**

**भारत एकता टाइम्स**

**सैदपुर (गाजीपुर)।** खानपुर थाना क्षेत्र के मौजा रजहटी में बुधवार को दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। रजहटी पट्टी निवासी अर्जून राजभर और पूजा देवी के पुत्र करन राजभर(12) और आर्यन राजभर(11) के शव घर के एक कमरे में बिस्तर पर पड़े मिले। दोनों के शरीर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही सैदपुर क्षेत्राधिकारी शुभम वर्मा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और कमरे का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के अनुसार, खानपुर पुलिस को परिवार के दो बच्चों के लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घर के कमरों की तलाशी ली तो एक कमरे में दोनों बच्चों के शव बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में किसी भारी वस्तु से चोट पहुंचाए जाने की आशंका सामने आई है।एसपी के मुताबिक, परिवार में दो शादियों को लेकर मनमुटाव की बात भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, परिवार की एक बच्ची प्रतिभा ने अपने बयान में मां पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। वहीं घटना के बाद मां द्वारा दूसरे कमरे में आत्महत्या का प्रयास किए जाने की बात भी सामने आई है। कमरे में पंखे से साड़ी बरामद होने की जानकारी पुलिस ने दी है।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण और घटना की परिस्थितियों के संबंध में स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।





मां पर हत्या का आरोप

## बिजली पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**भारत एकता टाइम्स**

**जमानियां (गाजीपुर)** । दोस्त के दाह संस्कार के बाद बाइक से घर को लौट रहा दिलदारनगर कस्बा के वार्ड 7 निवासी पंकज उर्फ दीपू खरवार की बुधवार की रात 12 बजे बिजली पोल से टकराने से मौत हो गई।घटना से परिवार में खलबली मच गई।पुलिस शव को कब्जे में ले लिया।पंकज अपना माता पिता का एकलौता पुत्र था। बताया जाता है कि पंकज नगर के ही अमित चौरसिया के निधन पर रात में बलुआ घाट दाह संस्कार में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था।ब्लॉक मोड़ से तेज रफ्तार में मुड़ा और अनियंत्रित होकर सीधे एसबीआई बैंक के सामने विधुत पोल से टकरा गया।हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट लगने से वह सड़क पर लहूलुहान हाल में गिर गया।आनन फानन में लोग उसे पीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पिता मुन्ना खरवार चाय की दुकान व पंकज पान की दुकान कर घर गृहस्थी चलाता था।



### रक्षाबंधन से पूर्व भाई की मौत से, बहने गमगीन

पंकज सात बहनों का एकलौता भाई था।लेकिन रक्षाबंधन से पूर्व सड़क हादसे में हुई मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया।भाई की मौत से बहनों को रो रो कर बुरा हाल था कि अब हम राखी किसको बांधेंगे। हादसे के बाद बाजार में शोक का माहौल है।

## मछली मारने गए लापता अधेड़ का शव गंगा में मिला



**जमानियां (गाजीपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बब्बनपुर मौजा स्थित सेंट मेरिज स्कूल के पीछे गंगा में बुद्धवार की देर शाम अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई।बताते है कि बुद्धवार की शाम करीब 6 बजे लगभग अधेड़ का शव गंगा में उतराया मिला ।जिसकी पहचान खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना (मलहिया टोला) निवासी 59 वर्षीय सुभाष माझी पुत्र स्वर्गीय रामअवध के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार मृतक सुभाष माझी पेशे से मछुआरे थे और प्रतिदिन की तरह बीते सोमवार की रात लगभग 9 बजे गंगा में मछली पकड़ने के लिए निकले थे। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। घाट पर पहुंचने पर परिजनों को उनकी नाव नदी के बीच धार में लावारिस हालत में तैरती हुई मिली, जिसके बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए स्थानीय खानपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सोमवार रात से ही परिजन और स्थानीय लोग उनकी तलाश में जुटे हुए थे। इसी बीच आज शाम 112 नंबर पर पुलिस को सूचना मिली कि हेतिमपुर बबनपुर स्थित सेंट मैरी स्कूल के पीछे गंगा नदी में एक अज्ञात शव बहता हुआ देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला, जिसकी पहचान लापता सुभाष माझी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 50वें इंडिया कार्पेट एक्सपो में 48 देशों के खरीदारों की दस्तक



**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद की ओर से वाणिज्य एवं वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 50वां इंडिया कार्पेट एक्सपो (स्वर्ण जयंती संस्करण) 4 से 7 अक्टूबर 2026 तक भदोही में आयोजित किया जाएगा। पांच दशक पुराने इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों को वैश्विक बाजार से जोड़ना और कालीन उद्योग की पारंपरिक कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। एक्सपो के लिए भदोही, मिजार्पुर, वाराणसी, पानीपत, जम्मू-कश्मीर, जयपुर और बीकानेर समेत देश के प्रमुख कालीन क्षेत्रों के 170 निर्यातक अब तक पंजीकरण करा चुके हैं। वहीं, करीब 48 देशों से 164 विदेशी खरीदार भी पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों के खरीदार शामिल हैं। स्वर्ण जयंती संस्करण में ब्रिक्स देशों के खरीदारों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। अब तक 30 से अधिक ब्रिक्स देशों के खरीदारों की सहभागिता सुनिश्चित हो चुकी है। एक्सपो में भारतीय कालीनों की विविधता, पारंपरिक शिल्पकला, आधुनिक डिजाइन और गुणवत्ता को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन भारतीय कालीन उद्योग के लिए नए वैश्विक बाजार और बी2बी व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने दिए सुधार के निर्देश

**भदोही।** जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा एवं आयुष विभाग की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में हुई। स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति वाले इंडीकेटर्स पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एएनसी रजिस्ट्रेशन में अपेक्षित प्रगति न होने पर अधीक्षक अभोली और डीघ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना की प्रगति सुधारने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए आशा-एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को प्रेरित करने को कहा। डीएम ने सभी एमओआईसी को आशा व एएनएम के साथ साप्ताहिक बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करने, स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई, बिजली-पानी, दवाओं और बायो-मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चिकित्सकों व सीएचओ की उपस्थिति की निगरानी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर भी जोर दिया। बैठक में सीडीओ बाल गोविंद शुक्ल, सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### नात-ओ-शायरी से गूंजा माहौल




**भदोही।** शहर के अजीमुल्लाह चौराहा स्थित ईदगाह में मरकजी सीरत कमेटी की ओर से बारह रबीउल अव्वल शरीफ के मौके पर 61वां दो रोजा जलसे का आगाज बुधवार से शुरू हो गया। जिसमें पहले दिन ईशा की नमाज के बाद हाफिज परवेज अच्छे मियां ने तिलावते कुरआन पाक से जलसे का आगाज किया। जलसे के दौरान शायर इस्लाम गाजीपुरी ने पढ़ा सज गई है जमीं, सज गया आसमाँ, नूर चारो तरफ छा गए, रब के प्यारे हबीब आ गए। स्टेज पर मौजूद शायर जावेद आसिम, अखलाक खंजर आदि शायरों ने भी नबी पाक स. की शाने अक़्दस में नजरान-ए-अक़ीदत पेश किया। वहीँ शहर के मोहल्ला जमुन्द निवासी मौलाना अराफात हुसैन ने इस्लाही तकरीर करते हुए मौजूद लोगों को नबी के बताए रास्ते पर चलने का तरीका बताते हुए अमल करने की नसीहत दी। मौलाना रूहुलअमीन जबलपुर, ने मुस्तफा जाने रहमत सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की सिरते तैयबा पर रौशनी डालते हुए कहा की अल्लाह ने अपने प्यारे महबूब को दुनिया में रहमतल्लिलआलमीन बना कर भेजा। मुस्तफा जाने रहमत सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की दुनिया में तशरीफ लाने से यतिमो, गरीबो, मिस्कीनों, बेवाओं को सहारा मिला और बच्चियों को जिन्दगी मिली। मेंबरे नूर पर हाफिज अशफाक रब्बानी आदि भी मौजूद रहे। संचालन हाफिज आबिद ने किया। कमेटी के इम्तियाज अंसारी, आफताब अंसारी आदि जलसे के सफल आयोजन को लेकर सक्रिय रहे।

### मध्यस्थता अभियान-3.0 शुरू

**भदोही।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं सर्वोच्च न्यायालय की मीडिएशन एंड कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 शुरू किया गया है। यह अभियान एक अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक चलेगा। अभियान के तहत न्यायालयों में लंबित समझौते योग्य मामलों का अधिक से अधिक संख्या में मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण कराने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक एवं सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण समेत अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता के लिए चिन्हित किया जा सकता है। मध्यस्थता के जरिए पक्षकार आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान कर सकते हैं। इससे समय, धन और श्रम की बचत के साथ न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होगा। इच्छुक वादकारी संबंधित न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर अपने मामले को मध्यस्थता के लिए चिन्हित करा सकते हैं। इसके बाद प्रकरण का निस्तारण मध्यस्थता केंद्र, एडीआर बिल्डिंग, जिला न्यायालय परिसर, सरपतहां, ज्ञानपुर में कराया जा सकता है। आमजन से अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### कुंवर सिंह निषाद के सम्मान की लड़ाई लड़ने का ऐलान



**भदोही।** लाइव टीवी डिबेट में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के साथ कथित गाली-गलौज और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने महंत राजू दास के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिंद ने थाना दुगार्गंज पहुंचकर तहरीर देते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि 24 अगस्त को लाइव टीवी डिबेट के दौरान महंत राजू दास ने कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के प्रति कथित रूप से अपमानजनक और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया।

## न्यायालय परिसर की एसपी सिटी ने पुलिस बल के साथ ली तलाशी

**भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर**

जिला न्यायालय परिसर में 27 अगस्त को कोतवाली पुलिस, पीएसी बल, फायर टीम व एलआईयू समेत भारी संख्या में विभिन्न टीमों ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया । अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में हुई इस ड्रिल का उद्देश्य आमजन और न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था । किसी भी आपातकालीन स्थिति, सुरक्षा चुनौती या संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर विभिन्न सुरक्षा इकाइयों ने कितने समय में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है इसकी समीक्षा करना था ।मॉक ड्रिल के दौरान न्यायालय परिसर में एक संदिग्ध वस्तु मिलने की काल्पनिक सूचना पर कार्रवाई का अभ्यास किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने न्यायालय परिसर की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की। आमजन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया।ड्रिल में एलआईयू टीम, डॉग स्क्वॉड व एण्टी सैबोटॉज चेक टीम अत्याधुनिक उपकरणों के साथ न्यायालय परिसर में संदिग्ध वस्तुओं और संवेदनशील/छुपे हुए स्थानों की गहन जांच व तलाशी ली अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होने बताया कि ऐसी मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित करने का उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिक्रिया क्षमता को प्रभावी बनाना, विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय को मजबूत करना और किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियों का परीक्षण करना है ।



## सांसद ने दिलदारनगर स्टेशन पर जियारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भारत एकता टाइम्स**

**जमानियां गाजीपुर।** क्षेत्र के लोगों को बड़ी रेल सौगात मिली है। बिहार के राजेंद्रनगर से अजमेर जाने वाली 12395 अप जियारत एक्सप्रेस का दिलदारनगर में ठहराव शुरू हो गया है। इसके साथ ही दिलदारनगर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अजमेर के लिए सीधी रेल सुविधा मिल गई है।बुधवार को नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, जदयू उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता विनीत तिवारी और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी ने प्लेटफार्म नंबर तीन से जियारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर अजमेर के लिए रवाना किया। ट्रेन के ठहराव की शुरूआत को लेकर स्टेशन पर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने दोनों सांसदों और प्रदेश प्रवक्ता का अंगवस्त्रम और बुके देकर स्वागत किया।जियारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही थी। निर्धारित समय शाम 8:13 बजे के बजाय ट्रेन करीब 8:38 बजे दिलदारनगर पहुंची। लगभग नौ मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन 8:47 बजे अजमेर के लिए रवाना हुई। ट्रेन के पहुंचते ही स्टेशन पर मौजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत चेयरमैन अविनाश जायसवाल ने ट्रेन के पायलट को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि उन्होंने प्रदेश प्रवक्ता विनीत तिवारी के पत्रक पर रेल मंत्री से मुलाकात कर जियारत एक्सप्रेस के दिलदारनगर में ठहराव की मांग की थी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए किए गए प्रयास के बाद ठहराव को स्वीकृति मिली है।उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र की रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने दिलदारनगर-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन को सुबह और शाम गाजीपुर सिटी तक चलाने की मांग उठाने की बात भी कही।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान तैनात रहे। दानापुर मंडल की ओर से सहायक वाणिज्य प्रबंधक और वाणिज्य निरीक्षक अशोक कुमार ने भी सांसदों का बुके देकर स्वागत किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, उमेश वर्मा, जदयू यूथ जिलाध्यक्ष अमजद खां,शरफराज खान, तौकीर खान,दिनेश अकेला,राकेश गुप्ता, साहेब अली, शमशाद खां, एहसान अहमद, कृष्ण मोहन गुप्ता, चंदन गुप्ता और श्रवण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## एसडीएम कार्यालय के बाहर परिवार के साथ धरना पर बैठा फरियादी

**परिवार समेत हिरासत में, कलेक्ट्रेट परिसर में मचा हड़कंप**

**भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर**

सदर एसडीएम कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे एक परिवार को पुलिस द्वारा थाने ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा और मामले को लेकर चचाओं का बाजार गर्म रहा।जानकारी के अनुसार मुगलानी चक निवासी संजीत चौहान पुत्र रामदेव चौहान अपनी जमीन से जुड़े विवाद को लेकर पहले भी विरोध जता चुके हैं। बताया जाता है कि कुछ समय पूर्व वह अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी परिसर में लगे टावर पर भी चढ़ गए थे। गुरुवार को मांग पूरी नहीं होने का आरोप लगाते हुए संजीत चौहान सदर एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंचे और परिवार के साथ नारेबाजी करने लगे।संजीत चौहान का आरोप है कि उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जमीन पर निर्माण नहीं किए जाने का आदेश होने के बावजूद निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी मामले को लेकर वह परिवार के साथ एसडीएम कार्यालय के बाहर अपनी बात रखने पहुंचे थे।आरोप है कि एसडीएम कार्यालय के बाहर मौजूद फरियादियों को पीछे के रास्ते से हटाकर पुलिस बुला ली गई और इसके बाद संजीत चौहान, उनकी पत्नी, भाई और बच्चों को पुलिस वाहन से थाने ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं होने लगीं।वहीं, अधिवक्ता अमर सिंह ने संजीत चौहान के पक्ष में बोलते हुए कहा कि उनके साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार बेहद गरीब है और वह उनका मुकदमा निशुल्क लड़ रहे हैं। अधिवक्ता ने पूरे मामले में न्याय की मांग की।फिलहाल परिवार को पुलिस द्वारा थाने ले जाने की कार्रवाई को लेकर मामला चर्चा में है। जमीन विवाद और पुलिस कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।



## एसआरएनएसएस पब्लिक स्कूल में मना सावन उत्सव

**राखी व मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन**

**भारत एकता टाइम्स**

**जमानियां (गाजीपुर)।** बरूईन गांव स्थित संत राम नारायण शंकर शिव (एसआरएनएसएस) पब्लिक स्कूल, में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य गुरुवार को राखी मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता एवं सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामग्रियों का उपयोग कर एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां बनाईं। वहीं, मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने हाथों पर मनमोहक और कलात्मक डिजाइन उकेर कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।सावन उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने सावन से जुड़े लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर रणविजय सिंह ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य एके. शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, टीम भावना और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान का विकास होता है।



## एसडीएम ने किया सिदार्थ नर्सिंग होम एंड पैरामेडिकल कॉलेज सील

**भारत एकता टाइम्स**

**जमानियां (गाजीपुर)** ।जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर बुधवार को जलालपुर मौजा स्थित सिदार्थ नर्सिंग होम एंड पैरामेडिकल कॉलेज को एसडीएम निधि व सीओ अंकित तिवारी व उप मुख्य चिकित्सधिकारी की मौजूदगी में दो माह के लिए टीम ने सील कर दिया।इससे पूर्व में रविवार को पीएचसी प्रभारी डॉ रुद्रकांत सिंह के तहरीर पर अस्पताल की कथित चिकित्सक डॉ आशा बिंद व प्रबंधक व संचालक तथा स्टाफ के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।गौरतलब हो कि 11 जुलाई को सब्बलपुर कला निवासी अनिल कुमार की गर्भवती पत्नी वंदना को प्रसव पीड़ा होने पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। शाम लगभग 7 बजे ऑपरेशन होने पर प्रसूता वंदना ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया।ऑपरेशन के बाद रात लगभग 9 बजे प्रसूता की हालत बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। अस्पताल में मौजूद कथित डॉक्टरों ने एक यूनिट ब्लड मंगवाया। इसके बाद 12 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे नर्सिंग होम के लोग परिजनों को बिना बताए प्रसूता को अपने वाहन से वाराणसी के मेट्रो अस्पताल के गेट पर मृत अवस्था में छोड़कर भाग गए।इस प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीते 18 अगस्त को निरीक्षण के दौरान पाया कि श्री सिद्धार्थ नर्सिंग होम में बिना किसी वैध पंजीकरण के फर्जी तरीके से संचालित हो रहा था और मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर इलाज व ऑपरेशन किए जा रहे थे।बीते रविवार को पीएचसी प्रभारी डॉ. रुद्रकांत सिंह द्वारा कोतवाली में अस्पताल की कथित चिकित्सक डॉ आशा बिंद व प्रबंधक तथा स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।स्वास्थ्य विभाग और पुलिस-प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध और मानकविहीन रूप से संचालित हो रहे अन्य अस्पतालों व पैरामेडिकल कॉलेजों के संचालकों में हड़कंप का माहौल है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।इस मौके पर नायब तहसीलदार जितेंद्र,कोतवाल रामसजन नागर आदि रहे।



## हर घर जल योजना में खराब प्रगति पर डीएम नाराज

**एफआईआर दर्ज करने के दिये आदेश**

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**

जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर आधारित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो फर्म अपेक्षित गति से कार्य नहीं कर रही हैं तथा बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्यों में तेजी नहीं ला रही हैं, उनके विरुद्ध जिलाधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कुल 47 कार्यों में 28 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा एक कार्य निर्धारित समय सीमा के बाद भी लंबित है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड की दो परियोजनाओं में एक पूर्ण तथा एक अपूर्ण है। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के 18 कार्यों में 16 पूर्ण तथा दो कार्य निर्धारित समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। यूपी सिडको की छह परियोजनाओं में तीन पूर्ण हैं तथा तीन समय सीमा के बाद भी प्रगतिरत हैं। सीएंडडीएस के 19 कार्यों में छह पूर्ण तथा 13 लंबित हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग की 45 परियोजनाओं में 39 पूर्ण तथा छह परियोजनाएं समय सीमा के अंतर्गत लंबित हैं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 43 कार्यों में 36 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई द्वारा जनपद में निमार्णाधीन चार नग परिवार न्यायालय भवनों की प्रगति 90 प्रतिशत पाई गई। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय में कराए जा रहे कार्यों की प्रगति 80.93 प्रतिशत पाई गई, जबकि इसकी निर्धारित समय सीमा अगस्त माह के अंत तक थी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अभियंता को कड़ी चेतावनी देते हुए 10 दिनों के भीतर समस्त कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो तथा प्रत्येक कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त कार्यदाई संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल आधारित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

### आधार से संबंधित सेवाओं को बनायें सुगम और पारदर्शीः डीएम

**मऊ।** जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी अभिषेक ने आधार नामांकन एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 05 वर्ष की आयु तक बच्चों के बायोमेट्रिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में कुल 268 एक्टिव किट उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से नए आधार नामांकन एवं आधार में संशोधन का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबंधित नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में आधार नामांकन एवं संशोधन हेतु विशेष कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के नोडल अधिकारी को आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य से जुड़े कार्मिकों को सेंसिटाइज करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आधार संबंधी सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार से संबंधित सेवाओं को सुगम, पारदर्शी एवं जनसुविधाजनक बनाया जाए तथा पात्र लोगों को आधार नामांकन, संशोधन एवं बायोमेट्रिक अपडेट के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शराब की दुकान हटाने को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**

घोसी कोतवाली क्षेत्र के मुजार बुजुर्ग गांव के पास अमिला-बोझी मुख्य मार्ग पर संचालित देशी शराब की दुकान के विरोध में गुरुवार को महिलाओं ने प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिलाओं ने बांस लगाकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया और शराब की दुकान को आबादी एवं मुख्य मार्ग से हटाने की मांग की। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि शराब की दुकान के कारण शाम के समय वहां शराब पीने वालों का जमावडा लगा रहता है। नशे में धुत लोग आने-जाने वाली महिलाओं और युवतियों के साथ छींटाकशी और अभद्रता करते हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिला सुशीला देवी, दसरावती, आशा, प्रेमशीला, मंजू, मालती और रुनिया समेत अन्य महिलाओं ने बताया कि दुकान खुलने के बाद गांवों में शराब का सेवन बढ़ा है। इसका असर परिवारों पर भी पड़ रहा है और आए दिन विवाद की स्थिति पैदा होती है। महिलाओं ने कहा कि व्यस्त मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान होने से आवागमन के दौरान असुरक्षा का माहौल बना रहता है। जाम की सूचना पर बोझी चैकी प्रभारी हरेंद्र कुशवाहा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर दुकान हटाने के संबंध में कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अड़ी रहीं। इसके बाद घोसी के उपजिलाधिकारी अशोक सिंह मौके पर पहुंचे। महिलाओं ने उन्हें अपनी मांगों से संबंधित शिकायती पत्र सौंपा। उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बाद महिलाओं ने जाम समाप्त कर दिया जिसके बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि महिलाओं द्वारा दिया गया शिकायती पत्र उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा और मामले में नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

